● वर्ष : 17 ● अंक : 195 ● मूल्य : 02 रुपया मात्रा ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित बुधवार 06 मई 2026

## नागरिकों और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले 'अस्वीकार्य' : पीएम मोदी

### यूएई पर हमलाः ईरान के हमले में तीन भारतीय हुए घायल, तनाव बढ़ा

एजेंसी। नई दिल्ली



संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह स्थित ऑयल पोर्ट पर हुए हमले को लेकर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। ईरान पर लगाए गए इस हमले के आरोप के बीच भारत सरकार ने कहा कि इस घटना में तीन भारतीय नागरिकों का घायल होना गंभीर चिंता का विषय है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट करते हुए इस हमले पर प्रतिक्रिया दी और स्पष्ट कहा, 'यूएई पर हुए हमलों की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें 03 भारतीय नागरिक घायल हो गए हैं। इस तरह से आम लोगों और इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना मंजूर नहीं है। उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने की अपील की। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए सभी पक्षों को तुरंत हिंसा रोकनी चाहिए और कूटनीति के माध्यम से समाधान तलाशना चाहिए। भारत ने विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया, जिसे वैश्विक व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। जानकारी के अनुसार, यह हमला फुजैराह ऑयल इंडस्ट्रियल जोन को निशाना बनाकर किया गया, जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का इस्तेमाल हुआ। अमीराती अधिकारियों का दावा है कि उनकी हवाई रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइलों को बीच में ही नष्ट कर दिया, लेकिन उनका मलबा गिरने के कारण कुछ स्थानों पर नुकसान हुआ। वहीं अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की है, कि इस हमले में तीन भारतीय घायल हुए हैं और उनके इलाज के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इस घटना को "पूरी तरह अस्वीकार्य" बताया और नागरिकों को निशाना बनाने की निंदा की। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय ने भी इस हमले को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया है। मंत्रालय ने इसे "विश्वासघाती कार्रवाई" करार देते हुए कहा कि देश अपनी सुरक्षा के लिए जवाबी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस बीच, ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अपने नौसैनिक परिचालन क्षेत्र का विस्तार किया है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यह घटनाक्रम खाड़ी क्षेत्र में पहले से मौजूद भू-राजनीतिक तनाव को और गहरा कर सकता है।

## इस्तीफा नहीं दूंगी, हम हारे नहीं, हराया गया : ममता




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि वह सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगी। ममता ने कहा- हम जनादेश नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया- भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। ममता ने कहा- पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं।

### ममता की प्रेस कॉन्फ्रेंस की 5 बड़ी बातें...

- चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। IPS-IAS अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं।
- मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं नहीं हारी हूं, मैं राजभवन नहीं जाऊंगी। इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। वे आधिकारिक तौर पर हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हमने ही चुनाव जीता है।
- मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया।
- पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। आपने अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। BJP वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया।
- हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### चुनाव आयोग की साख संकट में?

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण स्तंभ भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं। चुनाव परिणामों को लेकर राजनीतिक दलों, विशेषकर तृणमूल कांग्रेस द्वारा परिणाम स्वीकार नही किया गया है। इस बार का मामला केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहा। आम जनता के बीच भी आयोग की विश्वसनीयता को लेकर संशय गहरा गया है। पिछले दो वर्षों में चुनाव आयुक्त की कार्य प्रणाली को लेकर जो विवाद सामने आ रहे हैं, उनमें सबसे प्रमुख विवाद "गोपनीयता" का है। चुनाव आयोग पहले सभी राजनैतिक दलों से परामर्श करके चुनाव की सारी व्यवस्था करता था। मतदाता सूची से लेकर मतदान तक की सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाती थी।

लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बल्कि जब चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बने उसके बाद से यह व्यवस्थाएं बदल गईं। जिसके कारण चुनाव आयोग पर संदेह लगातार गहराता जा रहा है। मतदाता सूची, मतदान प्रतिशत और मतगणना से जुड़ी जानकारी को सार्वजनिक करने के स्थान पर गोपनीयता बरती जा रही है। उसने चुनाव आयोग की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार नागरिकों का मूल अधिकार है। जब चुनाव जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में सभी जानकारी को गोपनीयता के दायरे में लाया जा रहा है तो संदेह स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है।

इसके साथ ही चुनाव आयोग द्वारा नियमों में बार-बार बदलाव किया जा रहा है। जिसका अधिकार चुनाव आयोग को न होकर संसद के पास है। तब यह संदेह और भी गहरा जाता है। चुनाव अधिसूचना जारी हो जाने के बाद जिस तरह से चुनाव आयोग की मनमानी शुरू हो जाती है जहां डबल इंजन की सरकार हैं उनके लिए अलग नियम जहां केंद्र सरकार से इतर विपक्षी दलों की सरकार हैं। वहां पर अधिकारियों की नियुक्तियां, एसआईआर को लेकर भी विवाद सामने आए हैं। चुनाव आयोग का दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है, कि हर पक्ष को समान अवसर तथा चुनाव लड़ने के समय सभी के साथ बराबरी का निष्पक्षता के साथ व्यवहार हो। पश्चिम बंगाल चुनाव में भारी संख्या में लाखों की संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती इस बार गंभीर विवाद का विषय बना। भाजपा शासित राज्यों के अधिकारियों को बड़े पैमाने पर लगाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जिसे आवश्यक बताया गया। वहीं विपक्षी दलों द्वारा इसे "इच्छित परिणाम" की दिशा में चुनाव आयोग की मिलीभगत माना गया। भाजपा की शिकायतों पर त्वरित रूप से चुनाव आयोग द्वारा कार्रवाई की गई लेकिन विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर जो शिकायती की गई उन पर चुनाव आयोग ने कोई संज्ञान नहीं लिया। इस बात का आरोप टीएमसी से लेकर सभी विपक्षी दलों द्वारा लगातार लगाया जा रहा है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### वियतनाम के राष्ट्रपति दिल्ली पहुंचे प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली।** वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। भारत-वियतनाम इस वर्ष व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा आज बिहार के बोधगया से हुई। यहां बिहार के राज्यपाल ले.ज. सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति लाम ने बोधगया के महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक हजारों वर्षों पुरानी आध्यात्मिक विरासत, बौद्ध धर्म, भारत और वियतनाम के लोगों को जोड़ने वाले एक जीवंत सेतु के रूप में कार्य करते हैं। यह यात्रा हमारे बहुआयामी और सुदृढ़ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव एवं वियतनाम के राष्ट्रपति लाम 5 से 7 मई तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ वियतनाम सरकार के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। राष्ट्रपति लाम का बुधवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा।

### पश्चिम बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण नौ मई को

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत के बाद नई



सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं और शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने जानकारी दी है कि राज्य के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण आगामी नौ मई को किया जायेगा। हालांकि मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। मंगलवार सुबह मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष भट्टाचार्य ने बताया कि नौ मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि उस दिन कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती भी है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत बेहद समृद्ध रही है। राजाराम मोहन राय, सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद और रवीन्द्रनाथ जैसी महान हस्तियों की यह भूमि है। राज्य की इसी गरिमा और पहचान को फिर से स्थापित करने की दिशा में नई सरकार काम करेगी। सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह कोलकाता में आयोजित होगा, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहेंगे। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने पश्चिम बंगाल में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को केन्द्रीय सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। बंगाल में भाजपा ने 206 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## भाजपा ने अमित शाह को पश्चिम बंगाल में, नड्डा को असम में केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गृहमंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को असम में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दलों के नेताओं के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए गृहमंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। अरुण सिंह ने बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम में विधायक दल के नेता के चयन के लिए पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने पहली बार 294 सीटों में से 206 सीटों के साथ बड़ी जीत दर्ज की है और असम में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने करीब तीन चौथाई बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है।

## भारत, जापान का स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर

एजेंसी। नई दिल्ली




भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि यह बैठक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नड्डा ने इस दौरान भारत और जापान के बीच एक सदी से अधिक समय से चले आ रहे बहुआयामी संबंधों का उल्लेख किया जो विभिन्न क्षेत्रों में सहभागिता पर आधारित हैं और उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास" के मार्गदर्शक सिद्धांत के अंतर्गत समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संयुक्त समिति की बैठक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदाने ने बैठक को संबोधित करते हुए नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में जापान की निरंतर भागीदारी पर बल दिया। इसके साथ ही द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और जापान के बीच साझेदारी आपसी सम्मान, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत-जापान के बीच सहयोग ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित संयुक्त समिति की बैठक नियमित संवाद और गहन आपसी समझ के माध्यम से इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुई है और उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि इस दौरान रचनात्मक और दूरदर्शितापूर्ण विचार-विमर्श होंगे। संयुक्त समिति की बैठक के दौरान प्राथमिकता वाले प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं और चर्चाएं आयोजित की गईं जिनमें गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, निदान, उपचार और पुनर्वास शामिल है। जापानी प्रतिनिधियों ने उभरते डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाते हुए प्रणालियों को आपस में जोड़ने, एआई-सक्षम चिकित्सा प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान में सहयोग के माध्यम से डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाने के संबंध में अपने अनुभव साझा किए।

## टीएमसी की हार पर जश्न मनाने वालों को राहुल गांधी की हिदायत

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस के भीतर उभरे मतभेदों पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी के नेताओं को कड़ी नसीहत दे दी है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल कांग्रेस) की हार पर खुशी जताने वाले नेताओं की आलोचना करते हुए इसे "छोटी राजनीति" करार दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, कि कुछ कांग्रेसी और अन्य विपक्षी दल टीएमसी की हार पर जश्न मना रहे हैं, जबकि उन्हें व्यापक राजनीतिक परिदृश्य को समझने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है और असम व बंगाल के जनादेश की "चोरी" इसी का हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट कहा, यह किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि पूरे देश का मामला है। छोटी राजनीति को दरकिनार कर हमें लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है, जबकि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी पश्चिम बंगाल में सत्ता से बाहर होने जा रही है। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा में घोषित 293 सीटों के नतीजों के अनुसार, भाजपा ने 206 सीटों पर जीत दर्ज कर दो-तिहाई बहुमत से अधिक सीटें हासिल कर ली हैं, जबकि टीएमसी 81 सीटों तक सिमट गई।

## राघव चड्ढा के बाद पंजाब के सीएम मान ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री मान ने पत्रकारों से कहा कि आज दिल्ली में राष्ट्रपति के समक्ष हमने देश में हो रही 'लोकतंत्र की हत्या' के विरुद्ध अपनी आवाज़ ज़ोर-शोर से उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि असंवैधानिक तरीकों से पार्टियों को तोड़ना और ईडी-सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर नेताओं को क्लीन चिट देना लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस' जैसी सस्ती राजनीतिक चालें कभी सफल नहीं होंगी। मान ने कहा कि उनकी पार्टी के विधायक लाखों पंजाबियों की आवाज हैं और पंजाब की जनता कभी विश्वासघात बर्दाश्त नहीं करती। उन्होंने खुद को 'जनता का सेवक' बताते हुए आश्वासन दिया कि वे जनता के जनादेश और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे। वहीं, राघव चड्ढा के साथ राष्ट्रपति से मिलने वालों में राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजेंद्र गुप्ता भी शामिल रहे।

## सरकार गठन के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने विजय की तरफ बढ़ाया हाथ

एजेंसी। चेन्नई



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों ने दक्षिण भारत की सियासत में एक नए युग का सूत्रपात कर दिया है। अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। हालांकि, पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े से कुछ सीटें दूर रह गई है, जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार को लेकर कयासों का बाजार गर्म हो गया है। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने टीवीके को समर्थन देने और उसे इंडिया गठबंधन में शामिल करने के स्पष्ट संकेत दिए हैं। शशि थरूर ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि तमिलनाडु में विजय की पार्टी को सरकार बनाने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां इस दिशा में बातचीत कर सकती हैं। थरूर ने चुनाव पूर्व के घटनाक्रमों पर भी स्पष्टीकरण दिया, जहाँ कांग्रेस ने टीवीके के गठबंधन प्रस्ताव को ठुकरा कर अपने पुराने सहयोगी डीएमके का साथ दिया था। उन्होंने कहा कि अपने वर्षों पुराने सहयोगी के साथ मजबूती से खड़े रहने में कोई शर्म नहीं है, लेकिन अब जबकि चुनावी नतीजे सामने हैं, तो सरकार बनाने के लिए नए समीकरणों पर विचार किया जाएगा। आंकड़ों का हवाला देते हुए थरूर ने बताया कि तमिलनाडु में कांग्रेस के पास 5 सीटें हैं, जबकि आईयूएमएल और सीपीआई के पास दो-दो सीटें हैं। इन सीटों के आधार पर टीवीके के साथ गठबंधन की संभावनाओं को बल मिल रहा है। गौरतलब है कि विजय ने चुनाव से पहले ही भाजपा, डीएमके और एआईडीएमके के साथ किसी भी तरह के समझौते से साफ इनकार कर दिया था।

## नेपाल के राष्ट्रपति ने संवैधानिक परिषद संबंधी अध्यादेश को दी मंजूरी

एजेंसी। काठमांडू



नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संवैधानिक परिषद से संबंधित अध्यादेश को मंगलवार को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। सरकार ने इस अध्यादेश को जारी करने के लिए राष्ट्रपति के समक्ष दोबारा सिफारिश की थी। इससे पहले सरकार द्वारा सिफारिश किए गए आठ अध्यादेशों में से सात को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी, लेकिन संवैधानिक परिषद से संबंधित अध्यादेश को पुनर्विचार के लिए वापस भेज दिया था। उसी अध्यादेश को सोमवार की मंत्रिपरिषद की बैठक ने बिना किसी बदलाव के फिर से जारी करने के लिए सिफारिश की थी। अध्यादेश में प्रावधान किया गया है कि संवैधानिक परिषद की बैठक में चार सदस्य उपस्थित होने पर बैठक पूरी मानी जाएगी और उपस्थित सदस्यों के बहुमत से निर्णय लिया जा सकेगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बनने वाली संवैधानिक परिषद छह सदस्यीय होती है। इसमें प्रधानमंत्री, प्रमुख विपक्षी दल के नेता, प्रधान न्यायाधीश, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष सदस्य होते हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने राष्ट्रपति से अध्यादेश जारी करने का आग्रह करते हुए पत्र भी लिखा था। हालांकि इसके पहले राष्ट्रपति का तर्क था कि संविधान में संवैधानिक परिषद के निर्णय के लिए बहुमत प्रणाली की परिकल्पना की गई है, जबकि अध्यादेश उस मर्म से अलग तरीके से आया है। अध्यादेश लौटाते समय उन्होंने यह भी याद दिलाया था कि पहले भी संसद द्वारा पारित विधेयक वापस किए जा चुके हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में कहा गया कि 'तत्काल बहाल' शब्द हटाकर यह प्रावधान किया गया है कि परिषद की बैठक तभी हो सकेगी जब सभी सदस्य पद पर बहाल हों। साथ ही गणपूर्ति (कोरम) के लिए कम से कम चार सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इससे पहले राष्ट्रपति ने यह तर्क दिया था कि छह सदस्यीय संवैधानिक परिषद में केवल तीन सदस्यों द्वारा निर्णय लेने या परिषद के सदस्यों के पद रिक्त रहने की स्थिति की कल्पना नहीं की जा सकती।

## केएमपी एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, यूपी पुलिस के 5 जवानों की मौत

**नूंह।** हरियाणा के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे (केएमपी एक्सप्रेस-वे) पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के पांच जवानों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह 10 बजे हुआ, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक स्कॉर्पियो कार पलवल की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में शव बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। एंबुलेंस की मदद से शवों को बाहर निकालकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मृतक सभी उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान थे, जो जालौन जिले में तैनात थे। तावडू सदर थाना प्रभारी शीशराम ने बताया कि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है और इस संबंध में जालौन के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया गया है।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

खास खबर

## विकास और राष्ट्रवाद के आगे तुष्टिकरण की राजनीति ढेर : मुख्यमंत्री



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मंगलवार को सीआर पार्क स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि विकास और राष्ट्रवाद के आगे तुष्टिकरण की राजनीति ढेर हो गई।इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस जीत को भारतीय राजनीति का एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भगवा शान से लहरा रहा है। यह जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता का विश्वास विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति में ही है। मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने संसद में इस बिल का विरोध किया था, बंगाल की माताओं-बहनों ने उन्हें अपने वोट की चोट से मुंहतोड़ जवाब दिया है। बंगाल की महिलाओं ने भय, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारकर यह सिद्ध कर दिया है कि नारी शक्ति अब अपने सम्मान और अधिकारों के लिए किसी भी दमनकारी शक्ति से टकराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि बंगाल में यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की नीति की जीत है। भय, आतंक और अत्याचार के वातावरण के बावजूद बंगाल की महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान किया और लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार स्थापित की। उन्होंने कहा कि आज की यह जीत उन अनगिनत कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने बंगाल की मिट्टी को अपने पसीने और रक्त से सींचा है। यह जीत लोकतंत्र के प्रति अटूट विश्वास की जीत है। भय के वातावरण के बावजूद बंगाल की जनता ने लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार चुनने का जो साहस दिखाया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नई दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद बांसुरी स्वराज और ग्रेटर कैलाश से विधायक शिखा राय भी उपस्थित थीं।

## ठग सुकेश की पत्नी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत, मकोका मामले में याचिका खारिज




**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी के मामले की मुख्य आरोपित सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना मारिया पॉल की मकोका के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी है। जस्टिस प्रतीक की बेंच ने ये फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने दोनों मामलों में 8 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। लीना मारिया पॉल ने 2024 में जमानत याचिका दायर की थी। 18 दिसंबर 2024 को उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया था। इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय को जल्द सुनवाई का आदेश दिया था। इसके पहले उच्चतम न्यायालय ने 30 अक्टूबर 2023 को लीना की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद लीना ने दोबारा दिल्ली उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की है। चार दिसंबर 2021 को पटियाला हाउस कोर्ट ने लीना मारिया समेत आठ आरोपितों के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लीना मारिया को 5 सितंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर को 4 सितंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इस मामले की जांच के लिए सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े कई ठिकानों पर छापे मारे गए थे। छापे के दौरान सुकेश और उसके सहयोगियों के पास से मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 17 के तहत 16 महंगी कार जब्त की गई थीं। ये महंगी कारें लीना या उससे जुड़ी फर्मों के नाम पर थीं। ईडी के मुताबिक इस पूरे अपराध के लिए सुकेश ने ढांचा तैयार किया और अपराध को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस ने सुकेश पर मकोका लगाया है। सुकेश के खिलाफ एआईएडीएमके सिंबल मामले में निर्वाचन आयोग को रिश्वत देने की कोशिश का मामला भी लंबित है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विवेक विहार के पीड़ित परिवार से मुलाकात की

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विवेक विहार के अग्नि दुर्घटना के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना कि परिजनों को दुख को सहने की शक्ति दें।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के विवेक विहार में हुई हृदय विदारक और दुखद है। दुख की घड़ी में सरकार पूरी संवेदनशीलता और दृढ़ता के साथ उनके साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और फायर सेफ्टी के उच्चतम मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी मानकों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दिल्ली में लीगल मेट्रोलॉजी में लाइफटाइम लाइसेंस की शुरुआत

### सिरसा ने कारोबारियों के लिए ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में बताया सुधार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कारोबार का माहौल बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने वजन और माप सेक्टर में एक बड़ा सुधार किया है। यह सुधार दिल्ली की "डिरेगुलेशन एक्सरसाइज 2.0" का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों में नियमों को सरल बनाना और अनुपालन का बोझ कम करना है। इस सुधार के तहत उद्योग एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2011 में बदलाव किया जा रहा है। अब लाइसेंस देने से पहले फिजिकल साइट इंस्पेक्शन की जरूरत खत्म कर दी गई है और लाइसेंस सेल्फ-डिक्लेरेशन के आधार पर जारी किए जाएंगे। इससे कारोबार शुरू करने और चलाने की प्रक्रिया तेज और आसान होगी।सिरसा ने कहा कि दिल्ली अब एक ऐसे शासन मॉडल की ओर बढ़ रही है जो सुधारों पर आधारित और उद्योग की जरूरतों के अनुसार काम करने वाला है। ईमानदार कारोबारियों को बार-बार की जटिल प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना चाहिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान में वजन और माप विभाग के अंतर्गत दिल्ली में 600 से अधिक सक्रिय व्यवसाय काम कर रहे हैं, जिनमें 154 मैन्युफैक्चरर्स, 421 डीलर्स और 24 रिपेयरर्स शामिल हैं। मंत्री ने बताया कि इसमें लाइसेंस के रिन्यूअल को खत्म करना है। अब एक बार निर्धारित फीस देकर लिया गया लाइसेंस तब तक वैध रहेगा जब तक उसे कंट्रोलर या अधिकृत अधिकारी द्वारा रद्द या निलंबित नहीं किया जाता। इससे कारोबारियों का समय और खर्च दोनों बचेंगे और उन्हें काम में स्थिरता मिलेगी। इसके अलावा, नियमों के तहत फॉर्म, शेड्यूल और रजिस्टर में भी जरूरी बदलाव किए गए हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया नई सरल व्यवस्था के अनुरूप हो सके। सिरसा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है प्रक्रिया को आसान बनाना, भरोसा बढ़ाना और ऐसा सिस्टम बनाना जो विकास को बढ़ावा दे और जवाबदेही भी सुनिश्चित करे। यह सुधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित दिल्ली' के विजन के अनुरूप है, जिसमें बेहतर गवर्नेंस और कारोबार के अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है।सिरसा ने कहा कि अनावश्यक प्रक्रियाओं को हटाकर और डिजिटल सिस्टम अपनाकर हम अपने कारोबारियों के लिए एक आसान और पारदर्शी माहौल बना रहे हैं। यह विकसित दिल्ली के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार बहुत जल्द एक नया ऐप लॉन्च करने जा रही है, जिससे वेरिफिकेशन और अन्य सेवाएं पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और आसान हो जाएंगी।

## साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए यूआईडीएआई और एनएफएसयू के बीच समझौता

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) ने डिजिटल फोरेंसिक तथा साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में पांच वर्षीय सहयोग स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार समझौता भारत के डिजिटल पहचान पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए किया गया है। यह रणनीतिक साझेदारी मुख्य रूप से छह क्षेत्रों में संरचित की गई है, जो यूआईडीएआई के बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाने में मदद करेगी। इनमें शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास, सूचना सुरक्षा और प्रणाली अखंडता, फोरेंसिक अवसंरचना, तकनीकी सहायता, उन्नत अनुसंधान (एआई, ब्लॉकचेन, डीपफेक डिटेक्शन) और एनएफएसयू के छात्रों के लिए प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के अवसर शामिल हैं। इस समझौता ज्ञापन का

सत्यमेव जयते
Ministry of Electronics and Information Technology
Government of India

आदान-प्रदान यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विवेक चंद्र वर्मा और एनएफएसयू गुजरात कैंपस के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) एस.ओ. जुनारे के बीच हुआ। इस अवसर पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक अभिषेक कुमार सिंह सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।विवेक चंद्र वर्मा ने कहा, "यह सहयोग भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को सहारा देने वाली सुरक्षा और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश की डिजिटल पहचान प्रणालियों के लिए सुरक्षा के अतिरिक्त घेरे सुनिश्चित होंगे।"

## आर्मरी ने अपने स्वदेशी काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (C-UAS) 'SURGE' के लिए रक्षा मंत्रालय से 100 करोड़ रुपये का ऑर्डर जीता

**यह जीत भारत के डिफेंस-टेक इकोसिस्टम के लिए एक अहम पड़ाव है और आधुनिक युद्ध के लिए बनाए गए, पूरी तरह से अपने और युद्ध के मैदान में इस्तेमाल के लिए तैयार सिस्टम की ओर हो रहे बदलाव को और मज़बूत करती है।**

लोकतंत्र की शान




**गुरुग्राम:** भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ती डिफेंस-टेक कंपनियों में से एक, Armory ने एक अहम पड़ाव हासिल किया है। यह अपनी तरह के पहले ऐसे स्टार्टअप्स में से एक बन गया है, जिसे रक्षा मंत्रालय (MoD) से अपने AI-पावर्ड SURGE काउंटर-अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम (C-UAS) के लिए 100 करोड़ रुपये का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। यह कॉन्ट्रैक्ट कई फील्ड टेस्ट और ट्रायल के बाद दिया गया, जिनमें Armory के सिस्टम ने आवारा ड्रोन्स का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उन्हें बेअसर करने से जुड़ी तय की गई बेहद मुश्किल ऑपरेशनल ज़रूरतों को पूरा किया। Armory ने अब तक growX, Antler, Industrial47, Dexter Ventures, AC Ventures, 8x और Galiakotwala Engineering जैसे निवेशकों से इक्विटी फ़ंडिंग के तौर पर 35 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह स्टार्टअप इस साल के आखिर में फ़ंडिंग का एक और राउंड जुटाने की भी सोच रहा है, ताकि हार्डवेयर के विकास और अपने विस्तार के काम को आगे बढ़ाया जा सके। इस नई पूंजी से C-UAS समाधानों के दायरे को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी, जिसके तहत कंपनी के मौजूदा समाधानों में Hard Kill क्षमताओं को भी जोड़ा जाएगा।

## बुराड़ी में दिनदहाड़े 4.18 लाख की लूट का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के बुराड़ी इलाके में कैश कलेक्शन एजेंट से दिनदहाड़े 4.18 लाख रुपये लूटने की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लूटी गई रकम में से 26 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल चोरी की स्कूटी और पीड़ित का बैग बरामद किया है। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने मंगलवार को बताया कि 27 अप्रैल की दोपहर नाथूपुरा निवासी संदीप, जो एक निजी कंपनी में कैश कलेक्शन एजेंट है, स्वरूप नगर रोड स्थित जेप्टो वेयरहाउस से 4,18,600 रुपये लेकर दूसरी दुकान की ओर जा रहा था। ओम गार्डन बैंक्वेट के पास दो स्कूटी सवारों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान दूसरी स्कूटी पर आए दो अन्य बदमाशों समेत चारों आरोपित उसका कैश से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और करीब 35 किलोमीटर तक आरोपितों का पीछा किया। जांच में सामने आया कि आरोपित वारदात के बाद अलग-अलग रास्तों से हरियाणा भागे और बाद में दिल्ली लौटकर जहांगीरपुरी के एक होटल में रुके। होटल रिकॉर्ड और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने भलस्वा डेयरी निवासी समीर, कृष और कपिल को तीन मई को दबोच लिया। इनके निशानदेही पर अशोक विहार से चौथे आरोपित शाहदाब उर्फ अमित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मुख्य आरोपित समीर ने बताया कि वह पहले जेप्टो स्टोर में डिलीवरी बॉय था और नौकरी के दौरान उसने कैश कलेक्शन एजेंट्स की गतिविधियों पर नजर रखी थी। नौकरी छोड़ने के बाद उसने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची और पहले रेकी की। वारदात के लिए दो स्कूटी चोरी की गई थीं।पुलिस के अनुसार, आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे और वारदात के बाद कपड़े भी बदल लिए थे। फिलहाल बाकी लूटी रकम और दूसरी स्कूटी की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## दुनिया की पहली 'महिला स्पेशल' ट्रेन सेवा ने 34 साल पूरे किए

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने महिलाओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दुनिया की पहली 'महिला स्पेशल' ट्रेन सेवा ने आज 34 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस सेवा की शुरुआत 5 मई 1992 को मुंबई में कामकाजी महिलाओं की बढ़ती संख्या और उनकी यात्रा संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए की गई थी। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले कुछ दशकों में, 'महिला स्पेशल' सेवा शहर के उपनगरीय रेल नेटवर्क का एक अहम हिस्सा बन गई है, जो यात्रा के बदलते तरीकों और कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, दोनों को दर्शाती है।वर्ष 1990 के दशक में मुंबई के दक्षिणी हिस्सों में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई, जिसके चलते उपनगरों से बड़ी संख्या में महिलाएं रोज़ाना यात्रा करने लगीं। भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेनों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा एक बड़ी चुनौती बन गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट से बोरीवली के बीच पहली महिला स्पेशल ट्रेन शुरू की, जिसे बाद में 1993 में विरार तक विस्तारित किया गया। यह सेवा महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं रही। पहले जहां महिलाओं को सामान्य ट्रेनों के महिला डिब्बों में चढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं लेडीज़ स्पेशल ट्रेनों ने उन्हें पूरे ट्रेन में आराम से सफर करने की सुविधा दी। समय के साथ इन ट्रेनों की संख्या और लोकप्रियता दोनों में वृद्धि हुई है। यह सेवा न केवल यात्रा को आसान बनाती है, बल्कि महिला यात्रियों के बीच एक सामाजिक जुड़ाव भी स्थापित करती है। नियमित रूप से यात्रा करने वाली महिलाओं के बीच आपसी दोस्ती और सहयोग की भावना भी विकसित हुई है।विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिक महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए यह सेवा बेहद लाभकारी साबित हुई है। भीड़भाड़ के समय में जहां सामान्य ट्रेनों में चढ़ना-उतरना मुश्किल होता है, वहीं महिला स्पेशल ट्रेनों ने ऐसी यात्रा को काफी आसान और ज्यादा सुविधाजनक बना दिया है।वर्तमान में पश्चिम रेलवे द्वारा रोज़ाना 10 महिला स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो सुबह और शाम के व्यस्त समय में अप और डाउन दोनों दिशाओं में संचालित होती हैं। अप लाइन सेवाओं में विरार–चर्चगेट (07:35–09:15), बोरीवली–चर्चगेट (07:40–08:46), विरार–चर्चगेट (08:49–10:36), भयंदर–चर्चगेट (09:06–10:30), विरार–चर्चगेट (09:47–11:09), और वसई रोड–चर्चगेट (10:02–11:36) जैसी ट्रेनें शामिल हैं। वहीं डाउन लाइन सेवाओं में चर्चगेट–बोरीवली (17:39–18:47), चर्चगेट–विरार (18:13–20:02), चर्चगेट–विरार (18:51–20:40), और चर्चगेट–विरार (19:40–21:06) शामिल हैं।पिछले तीन दशकों में इस सेवा का विस्तार कई चरणों में किया गया है, जिससे यह मुंबई उपनगरीय रेल नेटवर्क का एक अहम हिस्सा बन गई है।आज भी महिला स्पेशल ट्रेनें महिलाओं के लिए सुरक्षित, आरामदायक और सामुदायिक यात्रा का एक सशक्त माध्यम बनी हुई हैं।

## मुकुंदपुर में बच्ची की नाले में गिरने से मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक, दिए कड़े निर्देश

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भलस्वा डेयरी स्थित मुकुंदपुर इलाके के एक खुले नाले में गिरने से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया।मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति जारी कर घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया और कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) ने अनुबंध पर रखे जूनियर इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खुले नालों व जान-माल के लिए खतरा पैदा करने वाले स्थलों की पहचान कर उन्हें तुरंत दुरुस्त करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सीधे जवाबदेही तय होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना ही इस बच्ची के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## केजरीवाल ने पंजाब के आआपा विधायकों के साथ की बैठक, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के पंजाब विधायकों के साथ दिल्ली के कपूरथला हाउस में बैठक की। इस दौरान केजरीवाल ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया।उल्लेखनीय है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मंगलवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिले। उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान पार्टी के सभी विधायक भी दिल्ली में आए हैं। उनका कहना है कि राज्य विधायकों की ओर से चुने राज्यसभा सांसद आपस में मिलकर कैसे दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष भी यही पक्ष रखा।दिल्ली में पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने विधायकों से कहा कि पंजाब में आआपा सरकार को बने लगभग चार साल हो चुके हैं और चुनाव में अब करीब 10 महीने शेष हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एंटी-इनकंबेंसी नहीं, बल्कि प्रो-इनकंबेंसी माहौल है। बहुत कम सरकारें ऐसी होती हैं जिनकी कार्यकाल के अंत में जनता खुलकर तारीफ करती है, लेकिन पंजाब में लोग सरकार के काम से संतुष्ट हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। दिल्ली में अपनी हार का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में वोट कटवाए गए, जिसके कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा।केजरीवाल ने कहा कि पार्टी छोड़कर गए सात नेताओं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने में शामिल करा लिया। ये राज्यसभा सीटें पंजाब की जनता की थीं और इसका जवाब आगामी चुनाव में पंजाब की जनता देगी।बैठक में केजरीवाल ने विकास कार्यों, सड़कों के निर्माण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और विधायकों को निर्देश दिया कि वे जनता के बीच सक्रिय रहकर सरकार की नीतियों और कामों को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव के बाद देश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।केजरीवाल ने कहा कि इतिहास में जब भी किसी ने देश पर आक्रमण किया, तब पंजाब ने हमेशा अपना खून बहाकर देश की रक्षा की। लेकिन इस बार चुनौती भीतर से है जो संविधान के मूल्यों पर खतरा बन रहे हैं, उन्हें भी पंजाब के लोग अपने लोकतांत्रिक तरीके से रोकेंगे और बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान की रक्षा करेंगे।

## हीट वेव से निपटने के लिए एमसीडी का व्यापक एक्शन प्लान तैयारः स्थायी समिति अध्यक्ष

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के संभावित प्रभाव को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस संबंध में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि निगम द्वारा तैयार यह एक्शन प्लान दिल्लीवासियों और निगम कर्मचारियों को लू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बनाया गया है।स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि यह योजना दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के 'हीट वेव एक्शन प्लान-2026' के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें विभिन्न विभागों की भूमिका स्पष्ट रूप से तय की गई है। इसके तहत एमसीडी के सभी जोनों और विभागों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत निगम के कार्यालयों, स्कूलों, डिस्पेंसरी और सामुदायिक केंद्रों में ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही पंखे, एयर कूलर और जरूरत के अनुसार अन्य शीतलन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाजारों और अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पीने के पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया है। सत्या शर्मा ने बताया कि पार्कों में आम लोगों के साथ-साथ पक्षियों और जानवरों के लिए भी पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए छाया, पेयजल और ओआरएस किट उपलब्ध कराने का प्रावधान भी इस योजना में शामिल है। उन्होंने कहा कि निगम के सफाई कर्मचारियों और माली वर्ग के कर्मचारियों को भी ओआरएस किट उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे हीट वेव के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। साथ ही उनके कार्य समय को भी गर्मी के अनुसार संतुलित करने का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में सत्या शर्मा ने बताया कि अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें ओपीडी और प्रतीक्षालयों में कूलिंग की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने कहा कि कचरे के समय पर निस्तारण को योजना का अहम हिस्सा बनाया गया है। जिससे गर्मी के दौरान उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों और आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा वार्ड स्तर पर हीट वेव से संबंधित जागरूकता बढ़ाने और चेतावनी संदेशों के प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सत्या शर्मा ने कहा कि एमसीडी का यह एक्शन प्लान व्यापक और जनहित को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है तथा इसका उद्देश्य दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित रखना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भीषण गर्मी के दौरान सतर्क रहें और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेलीः जिम की आड़ में नशीला ड्रिंक पिलाकर महिला से शोषण और ब्लैकमेल, दो संचालक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : (बरेली संदीप चंद्रा उत्तर प्रदेश) बरेली-** : कोतवाली क्षेत्र के एक जिम से महिलाओं के शोषण और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिम के दो संचालकों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से नगदी, इंजेक्शन, पेनड्राइव और मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।



**प्री-वर्कआउट ड्रिंक में नशा देकर वीडियो बनाने का आरोप-** पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र स्थित अल्टीमेट फिटनेस जिम के संचालक अकरम और आलम पर आरोप है कि वे महिलाओं को वर्कआउट के बहाने जिम बुलाते थे। शिकायत में कहा गया है कि प्री-वर्कआउट ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया जाता था। महिला के बेहोश होने पर जिम के अंदर बने कमरे में ले जाकर वारदात को अंजाम देकर वीडियो रिकॉर्ड कर लिया जाता था। आरोप है कि बाद में वीडियो डिलीट करने के नाम पर रुपये वसूले जाते थे। पीड़िता ने SSP अनुराग आर्य से मामले की शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस ने बरामद किए मोबाइल, इंजेक्शन और नगदी गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अकरम और आलम के पास से 10 हजार रुपये नकद, 9 शक्तिवर्धक शीशी, 6 इंजेक्शन, 2 मोबाइल फोन और एक पेनड्राइव जब्त की है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य पीड़ितों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आया है कि आरोपी अन्य महिलाओं को भी निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### कप्तान लाखन सिंह के निर्देश द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चार वारंटी थाना हसनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए



**लोकतंत्र की शान : मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा,मंडल मुरादाबाद**/जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश थाना हसनपुर में बड़ी कार्रवाई के चलते चार वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया हम आपको बता दें कि कप्तान लाखन सिंह यादव द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकार हसनपुर पंकज त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में थाना हसनपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना कप्तान के आदेश का पालन करते हुए संघ संज्ञा संज्ञा संज्ञय अपराध की परिकल्पना रखने वाले चार वारंटी अभियुक्त डोरी सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम रुद्रपुर, कमरुद्दीन पुत्र रहीसुद्दीन निवासी मंगरौली, ताराचंद पुत्र भगवान दास ग्राम गंगा चोली, यशपाल पुत्र परम ग्राम गंगा चोली, थाना हसनपुर जिला अमरोहा को अंतर्गत धारा 170 बी एन एस एस में गिरफ्तार कर मान्य न्यायालय उप मजिस्ट्रेट हसनपुर के समक्ष पेश किया गया थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी हसनपुर का चार्ज लेने के बाद शांति व्यवस्था को भंग करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं और थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी का सीधा संवाद शिकायतकर्ता से है की अपनी समस्या थाने पर सीधे जाकर संपर्क करें

### रामपुरः मिलक खानम पीएचसी सरकारी अस्पताल बदहाल, मरीजों को भारी परेशानी

**लोकतंत्र की शान : मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा,रामपुर** जनपद के मिलक खाना स्थित पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) सरकारी अस्पताल की हालत लगातार खराब होती जा रही है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में ना पंखों की व्यवस्था है, ना पर्याप्त लाइट की सुविधा, जिससे मरीजों को गर्मी और अंधेरे में इलाज कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल की बिल्डिंग भी जर्जर हालत में है, जिसकी मरम्मत लंबे समय से नहीं कराई गई है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी द्वारा कई बार लिखित रूप से संबंधित विभाग और पीएससी कार्यालय को अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अस्पताल प्रशासन की ओर से बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर लोग पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में पंखे और बिजली की कमी मरीजों की हालत और बिगाड़ सकती है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल में तत्काल पंखे, लाइट की व्यवस्था कराई जाए और भवन की मरम्मत कराकर अस्पताल को सुचारू किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। फिलहाल इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।




### लो वोल्टेज और कटौती से राहत दिलाने को सक्रिय हुए कौसर अब्बास

**संभल/सिरसी** नगर पंचायत सिरसी में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आज विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं जैसे लो वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती तथा जर्जर विद्युत लाइनों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आवश्यक मरम्मत कार्यों एवं सुधार योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा, ताकि नगरवासियों को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। नगर पंचायत चेयरमैन कौसर अब्बास ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। चेयरमैन की सक्रिय पहल से विद्युत समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक माहौल बना है और जल्द ही सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।



# फसल बीमा योजना के तहत किसानों के खातों में भेजी गई क्षतिपूर्ति की धनराशि

**लोकतंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा**

**मुरादाबाद/उत्तर प्रदेश।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 और रबी 2025 के बीमित कृषकों के लिए राहत की खबर है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 'वन क्लिक' के माध्यम से किसानों के खातों में क्षतिपूर्ति की धनराशि का वितरण किया गया, करोड़ों की धनराशि हुई अंतरित, कार्यक्रम में इफको टोकियो कंपनी के जनपद प्रतिनिधि रोबिन विश्नोई ने बताया कि 04 मई 2026 को रबी 2025-26 के कुल 62 कृषक आवेदनों के सापेक्ष 11,78,667 रुपये और खरीफ 2025 के अवशेष 01 कृषक को 2,772 रुपये उनके खाते में भेजे गए। इसके साथ ही जानकारी दी गई कि खरीफ 2025 में अब तक कुल 1,699 कृषक आवेदनों के सापेक्ष 70,73,753 रुपये की धनराशि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। रबी 2025-26 के शेष किसानों की धनराशि वर्तमान में प्रक्रियाधीन है, जो जल्द ही अंतरित की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री कराना अब अनिवार्य, उप कृषि निदेशक सन्तोष कुमार द्विवेदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फसल क्षति होने पर किसान तत्काल 14447 पर फोन करें या कृषि विभाग के कार्यालय में सूचित करें, ताकि संयुक्त टीम द्वारा जांच कर भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीफ 2026 के लिए ढैंचा, धान, उर्द, मूंग जैसी फसलों के बीज हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि पीएम किसान सम्मान निधि, खाद, बीज और केसीसी ऋण जैसी सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है, प्रतीकात्मक चेक पाकर खिले किसानों के चेहरे, कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सदर मनीश सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार सैनी और संयुक्त कृषि निदेशक प्रशान्त कुमार द्वारा 10 किसानों को डमी चेक प्रदान किए गए। विकास खंड छजलैट के ग्राम बैरामौर निवासी हरवंश सिंह को सबसे अधिक 1,58,402.16 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त हुई। ब्लॉक प्रमुख मनीश सिंह ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा कराने का आह्वान किया, इनकी रही उपस्थिति, इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी (सदर) हर्षित चौहान सहित कृषि विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त किया।



## श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्णा जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** मंगलवार को नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, इस बीच नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि के उद्घोष से वातावरण कृष्ण मय हो गया, बताते चलें कि वृंदावन से पधारी कथा वाचिका पुज्या सिद्धि पूनम जी ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रसंग सुना कर भाव विभोर कर दिया, व्यास जी ने कथा के दौरान भक्त प्रहलाद के पावन चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि अटूट विश्वास से ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है, इसके बाद व्यास जी ने समुद्र मंथन, राजा बलि के अहंकार को दूर करने वाले भगवान वामन अवतार और सूर्यवंश के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला, कथा में मुख्य आकर्षण भगवान श्री कृष्ण की जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान प्रस्तुत की गई झांकियां ने भक्तों का मन मोह लिया, श्रद्धालुओं ने भगवान के बाल स्वरूप का स्वागत एवं नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया, इस अवसर पर मुख्य रूप से संदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, पृथ्वी, मुकेश कुमार, अमित, प्रियंका गुप्ता, आंचल गुप्ता, सलोनी शर्मा, माया देवी, शशि देवी, वंदना शर्मा, पूजा गुप्ता, देवी शर्मा, चंचल गुप्ता, राजा अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे 1



## सीएम योगी ने बताया, कैसे पेश आएं बच्चों से

**लोकतंत्र की शान**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षामित्र सम्मान समारोह में एक मार्गदर्शक की भूमिका में भी नजर आए। उन्होंने शिक्षामित्रों को बच्चों के साथ विशिष्ट व्यवहार का मंत्र भी दिया। सीएम ने कहा कि हर बच्चे के मन में पढ़ने की तमन्ना हो, यह अभिभावक, शिक्षक और समाज, तीनों की जिम्मेदारी है। शिक्षामित्र सिर्फ पढ़ाने तक सीमित न रहें, बल्कि हर बच्चे को स्कूल तक लाने का अभियान भी चलाएं। शिक्षक और शिक्षामित्र बच्चों की नींव तैयार करने वाले कारीगर हैं।

**मारपीट कभी नहीं, प्यार से समझाइए**-शिक्षामित्रों से मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के साथ कभी मारपीट नहीं होनी चाहिए। पिटाई से बच्चा जिद्दी व ढीठ हो जाएगा। उसे प्यार से समझाइए। अच्छी कहानियों, कविताओं और आदर्श उदाहरणों से प्रेरित कीजिए। अपने परिवार की खींचतान स्कूल या बच्चों तक नहीं लाइए। स्कूल आते समय तनाव को घर पर ही छोड़ दीजिए।

**जैसा पौधा रोपेंगे, वैसा फल मिलेगा**-मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम अच्छी पीढ़ी तैयार करेंगे, तो यही पीढ़ी हर क्षेत्र में अच्छे लोग लेकर आएगी। अच्छे शिक्षक, अच्छे डॉक्टर, ईमानदार व्यापारी, अच्छे किसान, योग्य नौकरशाह, अच्छी पुलिस और अच्छे राजनेता भी। राजनेता कोई ऊपर से टपककर नहीं आते। आप जिन बच्चों को पढ़ा रहे हैं, वही आगे चलकर राजनेता भी बनेंगे। इसलिए जैसा पौधा आप रोपेंगे, वैसा ही फल भी मिलेगा। हमें सकारात्मक भावना के साथ कार्य करना चाहिए। आप सब में बेहतर परिणाम देने की सामर्थ्य है। नकारात्मक सोच त्याग दें।




## बरेली में एसएसपी के नाम पर ठगी का आरोप, भाई को छुड़ाने के लिए 2 लाख रुपये लेने का मामला

**लोकतंत्र की शान**

**(बरेली संदीप चंद्रा उत्तर प्रदेश)बरेली-**: में एसएसपी कार्यालय के नाम पर रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने कोतवाली थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने भाई को छुड़ाने के नाम पर 2 लाख रुपये लेने और बाकी रकम वापस न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**'भीम आर्मी नेता' बताकर रुपये लेने का आरोप-** बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम भौना निवासी ताहिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई को छुड़ाने के नाम पर चौपुला कोतवाली निवासी सुशील कुमार गौतम और उसके साथियों ने दो लाख रुपये नकद लिए थे। आरोप है कि इसमें से एक लाख रुपये वापस कर दिए गए, लेकिन बाकी एक लाख रुपये मांगने पर एसएसपी बरेली के पीआरओ को रिश्वत में देने की बात कही जा रही है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने खुद को भीम आर्मी का नेता बताया और एसएसपी के नाम पर रुपये वसूले। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि रुपये वापस मांगने पर झूठे मुकदमे और एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी जा रही है।पुलिस ने शुरू की जांच, साक्ष्यों के आधार पर होगी कार्रवाई पीड़ित ने पुलिस को घटना से जुड़ी रिकॉर्डिंग होने की बात भी कही है। तहरीर में विकास कुमार, सैम मैसी और आकाश नाम के लोगों का भी जिक्र किया गया है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी तथ्यों और साक्ष्यों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। एसएसपी कार्यालय ने भी इस तरह के किसी लेन-देन से इनकार किया है और लोगों से अपील की है कि किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में न आएं।



# स्मार्ट मीटरों को लेकर महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन, पुराने मीटर लगाने की मांग

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** मंगलवार को नगर के अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड कार्यालय ब्लॉक तिराहे पर भारी संख्या में एकत्रित होकर नगर के विभिन्न मोहल्ले निवासी महिलाएं पहुंच गईं। और महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया। वहीं महिलाओं ने विद्युत विभाग हाय हाय एवं स्मार्ट मीटर हाय हाय के नारे लगाते हुए आरोप लगाया है कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, तब से बिल अधिक आ रहा है। और गरीब मजदूर की रसोई पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने मीटर लगाए जाएं। स्मार्ट मीटरों को रिचार्ज करने के बाद कुछ ही दिन में पेमेंट खत्म हो जाता है और घरों की लाइट बंद हो जाती हैं। कंप्लेंट करने के बाद भी सप्लाई चालू नहीं हो पाती, जिसमें घर के दैनिक कार्यों में भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मोहल्ला निवासी ग्रहणी कंचन का आरोप है, स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आ रहा है पहले के मुताबिक बिजली बिल का चार्ज डबल होता दिखाई दे रहा है। यह सारा खर्च इंसान के जीवन पर गलत प्रभाव डाल रहा है। वहीं अधिशासी अभियंता राजेश प्रसाद ने महिलाओं को समझाया की विद्युत मंत्री के निर्देशों के बाद एक किलो वाट तक के सभी कनेक्शन नोर्मल मीटरों में तब्दील कर दिए हैं और पहले की तरह एक माह में एक बार बिल जमा करना पड़ेगा। और एक माह से पहले घर की लाइट कट नहीं होगी। और दो सो रुपए माइनस होने के बाद ही विद्युत सप्लाई डिस्कनेक्ट होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह समय से बिल जमा किया जाए तो घर की विद्युत सप्लाई बंद नहीं की जाएगी। साथ ही एक किलोवाट से अधिक के कनेक्शन रिचार्जेबल चलते रहेंगे। इसके बाद भी महिलाओं का विरोध जारी रहा और महिलाओं ने पुरानी मीटर व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। वही मामले में अधिशासी अभियंता राजेश प्रसाद ने बताया पहले मीटर रीडर काम रीडिंग करके बिल निकाल देते थे जिससे रीडिंग इकट्ठा हो जाती थी तो उसका प्रभाव लोगों पर पड़ता था। कई जगह लोगों को अधिक बिल के नाम पर पुराना बकाया जब नए बिल में जुड़ने के बाद बिल अधिक दिखाई देता था। लेकिन पुराना बकाया और पेंडिंग खत्म होने के बाद स्मार्ट मीटरों की सच्चाई उपभोक्ताओं को समझ में आ जाएगी। जबकि स्मार्ट मीटर भी पुराने मीटर की तरह ही रीडिंग के अनुसार बिल निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को जागरुक कर प्रेरित किया जाएगा और स्मार्ट मीटरों के फायदे भी बताए जाएंगे। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।




## भाकियू लोक शक्ति ने किसानों से संबंधित समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**


**हसनपुरः** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय हसनपुर पर एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके स्टेनों राहुल कुमार को सौपा गया, ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि किसानो से समितियो द्वारा 7% की दर से वसूला जा रहा ब्याज गलत है किसानों से 3% के हिसाब से ही ब्याज वसूला जाए, वहीं छुट्टा पशुओं से निजात दिलाई जाए और उन्हें पड़कर गौशालाओं में भिजवाया जाए, साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के बराबर में निकल रहे सर्विस रोड को दुरुस्त कराया जाए, वही स्मार्ट मीटर को लगाने से रोका जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए, साथ ही जल निगम द्वारा गांव में लगाई गई टंकियां शो पीस बनी हुई है जिन्हें दुरुस्त कराकर चालू कराया जाए आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से हाजी हसीन अहमद गफ्फारी,राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, ऊवैस चौधरी, जाहिर, प्रेम सिंह आदि लोग मौजूद रहे 1



## भाजपा जन कल्याण मंच ने ऑनलाइन बैठक का किया आयोजन

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर** : मंगलवार को बीजेपी जन कल्याण मंच के जिला अध्यक्ष भीष्म सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से बैठक का आयोजन किया बैठक में संगठन को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ाने,संगठन की उन्नति और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंगलवार को जूम एप के माध्यम से भाजपा जन कल्याण मंच की सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले की उन्नति और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।और मंच की मजबूती और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए, जिन पर जल्द ही अमल किया जाएगा। विकास ही हमारा लक्ष्य है, और एकता हमारी ताकत।"ऑनलाइन बैठक में दर्जन ओं बीजेपी जन कल्याण मंच के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जुड़े रहे 1




# नजीबाबाद में बंगाल भाजपा मोदी नेतृत्व की जीत का जश्न, ढोल-नगाड़ों पर थिरके कार्यकर्ता"

**लोक तंत्र की शान, खिज़र अहमद**

**नजीबाबाद।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने सियासत की तस्वीर बदल दी। जैसे ही भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत का जादुई आंकड़ा पार किया और सीटें 190 के पार पहुंचीं, पूरे देश के साथ नजीबाबाद में भी जश्न की लहर दौड़ गई। स्थानीय भाजपा नेता शुभम ग्रोवर के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। "जय श्री राम" और "भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों से माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। हर चेहरा खुशी से खिला हुआ था, मानो ऐतिहासिक जीत का साक्षी बन रहा हो। जश्न सिर्फ मिठाइयों तक सीमित नहीं रहा—ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते कार्यकर्ताओं ने जीत को यादगार बना दिया। भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और बंगाल की जनता के अटूट विश्वास का नतीजा है। इस मौके पर विदु भटनागर, संजय सैनी, ऐश्वर्य एरन, मोनू हिमांशु त्यागी, इंदु राजपूत, मनीष सैनी, गीता राज, सुविधा भटनागर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की सरकार बनने की खबर से कार्यकर्ताओं में जोश और भी बढ़ गया। सभी ने एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में भी पुनः योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लिया। आदर्श नगर स्थित शिव मंदिर में भी बधाई कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां चौधरी ईशाम सिंह, बलराज त्यागी, वरुण आर्य, लीना सिंघल, महेश मलिक, डॉ. रितेश सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, अमन शर्मा, नितिन त्यागी, प्रभात शर्मा, गायत्री निराला, रणवीर सिंह निराला, विष्णु सिंह, कपिल चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मध्य रेल में ओबीसी एसोसिएशन की बैठ, महासचिव सुबोध पोद्दार ने 35 सूत्रीय मांग पत्र किया प्रस्तुत

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में सोमवार को ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन और महाप्रबंधक के बीच एक अनौपचारिक बैठक हुई। इस बैठक में रेल कर्मियों के अधिकारों, संगठनात्मक गरिमा और कार्यप्रणाली में सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार और महासचिव सुबोध पोद्दार ने किया। एसोसिएशन ने मास्टर सर्कुलर 65 के उल्लंघन और महासचिव सुबोध पोद्दार के स्थानांतरण पर चिंता व्यक्त की। इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए पूर्व मध्य रेल (ECR) में पूर्ण पारदर्शिता लागू करने की मांग की गई। महासचिव सुबोध पोद्दार ने प्रशासन के समक्ष 35 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। इसमें रेल आवासों की स्थिति में



तत्काल सुधार, सीएलआई रिक्तियों की समीक्षा और चयन प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग शामिल थी। इसके अतिरिक्त, रनिंग रूम में टीटीई की सुविधा, रनिंग स्टाफ का लीव ट्रेनिंग रिजर्व 17% से बढ़ाकर 30% करना और रनिंग विभाग का बीओएस बढ़ाना भी प्रमुख मांगों में से थे। अन्य मांगों में गैंगहट्स की स्थिति और ट्रैकमैन के उपकरणों की गुणवत्ता में सुधार, जीडीसीई और विभागीय परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना शामिल था। कर्मचारियों के लिए बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना और 10,000 रुपये एम्बुलेंस भत्ता देने की भी मांग की गई। कैंसर पीड़ित रेल कर्मियों के परिजनों के लिए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। एसोसिएशन ने हाजीपुर में खेल विकास के लिए स्टेडियम बनाने और दानापुर स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का सुझाव भी दिया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने इन सभी सुझावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, ईमानदारी और विकास के पथ पर पूर्व मध्य रेल को देश का नंबर-1 जोन बनाना मुख्य लक्ष्य है। महाप्रबंधक ने सभी 35 बिंदुओं पर त्वरित और सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा भी दिया। प्रशासन की ओर से बैठक में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंद्राणी सहित सभी पीएचओडी (प्रधान विभागाध्यक्ष) मौजूद रहे।

### ऑनलाइन ठगी के 85,000 रुपए पीड़ित को मिले वापस, वैशाली साइबर थाना ने की कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली साइबर थाना ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को 85,000 रुपए वापस दिलाए हैं। यह घटना नगर थाना क्षेत्र के हथसारगंज गांव में हुई थी। हथसारगंज निवासी राकेश तिवारी के बेटे निखिल कुमार को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया गया था। ठगों ने उनके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए थे। घटना की सूचना मिलते ही वैशाली साइबर थाना ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।




पुलिस ने संबंधित बैंक और तकनीकी माध्यमों से समन्वय स्थापित किया, जिसके परिणामस्वरूप ठगी गई राशि को तुरंत होल्ड कर लिया गया। लगातार प्रयासों के बाद, होल्ड की गई कुल राशि में से 85,000 रुपए सफलतापूर्वक आवेदक निखिल कुमार के खाते में वापस जमा करा दिए गए। इस संबंध में साइबर थाना में कांड संख्या 29/24 दर्ज किया गया था। वैशाली पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाना/साइबर सेल में सूचना दें। समय रहते सूचना देने से ठगी गई राशि को सुरक्षित किया जा सकता है।

### मुजफ्फरपुर में मारपीट में घायल किशोर की मौत, अस्पताल के बाहर लोगों का हंगामा

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मारपीट में घायल किशोर की मौत हो गई। एक सप्ताह से इलाज चल रहा था। मौत की खबर मिलते ही लोगों का गुस्सा भड़क गया। अस्पताल कैंपस में जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान रेलवे कॉलोनी निवासी प्रदीप राम के पुत्र विक्रम कुमार(14) के तौर पर हुई है। मां आशा देवी ने आरोप लगाया है कि बीते सप्ताह मंगलवार की रात किसी ने फोन कर विक्रम को बुलाया था। इसके बाद हमलावरों ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। गंभीर



हालत पहले SKMCH में भर्ती कराया था। बाद में प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए, फिर भी उसकी जान नहीं बची। एसडीपीओ सिटी-2 विनीता सिन्हा ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस मामले में अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर आरोपियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई होती, तो शायद ऐसी नौबत न आती। फिलहाल, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रभावित इलाकों और अस्पताल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### मुजफ्फरपुर में ट्रांसपोर्टर से 20 लाख की ठगी, खुद को जज बताकर खाते में ट्रांसफर कराए रुपए

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां साइबर अपराधी ने खुद को पटना हाईकोर्ट का जज बता कर ट्रांसपोर्टर से 20 लाख रुपए ठग लिए। इस पूरे मामले में अपराधी ने अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ) के माध्यम से संपर्क साधकर भरोसा कायम किया और वारदात को अंजाम दिया। अपर जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार विवेक ने मामले में सदर थाने में लिखित शिकायत देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 11:45 बजे अपर जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार विवेक के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पटना हाईकोर्ट का जज राजीव रंजन बताया और मुजफ्फरपुर के किसी विश्वसनीय ट्रांसपोर्टर का नंबर मांगा। उच्च पदाधिकारी समझकर ADTO ने ट्रांसपोर्टर उदय शंकर प्रसाद सिंह का मोबाइल नंबर साझा कर दिया। इसके बाद ठग ने ट्रांसपोर्टर से संपर्क किया और जरूरी काम का हवाला देते हुए बातचीत शुरू की। शुरुआत में ट्रांसपोर्टर ने असमर्थता जताई, लेकिन आरोपी ने बार-बार कॉल कर दबाव बनाया और खुद को जज बताते हुए भरोसा दिलाया कि पैसों की जरूरत तत्काल है और राशि जल्द लौटा दी जाएगी। आवेदन के मुताबिक, 24 अप्रैल की शाम तक ट्रांसपोर्टर ने ठग के बताए अनुसार अलग-अलग माध्यमों से कुल 20 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के बाद जब संपर्क करने की कोशिश की गई तो आरोपी का मोबाइल नंबर बंद मिला। 29 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे ट्रांसपोर्टर ने पूरे मामले की जानकारी परिवहन पदाधिकारी को दी। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ और तत्काल सदर थाने में लिखित शिकायत दी गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल और साइबर ट्रेल खंगाले जा रहे हैं, साथ ही जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उनकी भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# नावों में ओवरलोडिंग होने पर होगी सख्ती, नियम तोड़ने पर कार्रवाई

**लोकतंत्र की शान , पटना**

**अंचल स्तर पर कैंप लगाकर नावों का होगा रजिस्ट्रेशन**



पटना में नदियों के जरिए होने वाले आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन अब पूरी तरह सख्त मूड में है। डीएम, पटना ने आज बैठक बुलाकर कहा कि नाव संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर ओवरलोडिंग, बिना रजिस्ट्रेशन नाव चलाना या सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने इलाकों में लगातार निगरानी रखें। जहां भी नियमों का उल्लंघन हो, वहां तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने दो टूक कहा कि "जन-सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है।"

**घाटों पर बढ़ी निगरानी:** पटना के दीघा पाटीपुल घाट, जेपी सेतु पूर्वी, कलेक्ट्रेट घाट, कंगन घाट, गायघाट, कच्ची दरगाह, नासरीगंज, हल्दी छपरा, उमानाथ घाट और सीढ़ी घाट जैसे कई प्रमुख घाटों पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग नाव से सफर करते हैं। प्रशासन को निरीक्षण के दौरान यह देखने को मिला कि कई नावों पर क्षमता से ज्यादा लोग, यहां तक कि मवेशी और छोटे-बड़े वाहन भी लादे जा रहे हैं। इससे हादसों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

**रात में नाव चलाने पर पूरी रोक:** सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया है कि सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले किसी भी हालत में नाव संचालन की अनुमति नहीं होगी। अगर कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तय है। जिलाधिकारी ने यह भी साफ किया कि मौसम खराब रहने पर नाव चलाने पर पूरी तरह रोक रहेगी, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

**चिन्हित घाटों से ही संचालन:** अब नावों का संचालन सिर्फ तय और सुरक्षित घाटों से ही होगा। जो घाट खतरनाक माने गए हैं, वहां से नाव चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन सिर्फ कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जागरूकता पर भी जोर दे रहा है। पटना स्मार्ट सिटी और अन्य विभागों के जरिए घाटों पर लगे पीए सिस्टम से लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों को नियमों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अंचल अधिकारी नाविकों के साथ बैठक कर उन्हें सभी निर्देश समझाएंगे।

**नियमित जांच और रिपोर्टिंग:** अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और उसकी रिपोर्ट अपने वरीय अधिकारियों को दें। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन शाखा को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। नावों के रजिस्ट्रेशन और संचालन को लेकर "बंगाल फेरी एक्ट, 1885" और "बिहार आदर्श नौका नियमावली-2011" के तहत सख्ती से नियम लागू किए जाएंगे। इसके लिए अंचल स्तर पर कैंप लगाकर नावों का रजिस्ट्रेशन भी कराया जाएगा।

## जेठुली हत्याकांड के अभियुक्त को किया गिरफ्तार, 50 हजार का इनाम है घोषित

**लोकतंत्र की शान , पटना**



**तीन साल पहले गोली बारी में 4 मौतें हुई थी**

पटना में करीब तीन साल पहले के जेठुली हत्याकांड में 50 हजार के इनामी अभियुक्त पप्पू कुमार उर्फ पप्पू राय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुष्टि ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने फतुहा एसडीपीओ कार्यालय में पीसी की जरिए दी है। हत्याकांड नदी थाना क्षेत्र के जेठुली गांव में हुआ था।

दरअसल, 19 फरवरी 2023 की शाम जेठुली में विवाद की शुरुआत मामूली पार्किंग और रास्ते में गिट्टी-बालू गिराने को लेकर हुई थी। ग्राम जेठुली के दबंग उमेश राय और उनके परिजनों का विवाद दिलीप कुमार के भतीजे बिट्टू कुमार से हुआ था। देखते ही देखते इस मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था। उमेश राय, बच्चा राय, रामप्रवेश राय और रमेश राय जैसे रसूखदार आरोपियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर फायरिंग शुरू कर दी थी। गोलीबारी में गांव के ही 4 हत्या हुई थी।

4 की मौत के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया था। उपद्रवियों ने आरोपियों के घर और गोदामों में आग लगा दी थी। मामले को लेकर नदी थाना में मामला दर्ज किया गया। जिसमें हत्या (धारा 302), आर्म्स एक्ट और दंगा भड़काने जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई थी। लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों के लिए पुलिस ने जाल बिछाया था। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि विशिष्ट आसूचना इकाई (SIU) पटना के सहयोग से बीते मंगलवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने 50 हजार के इनामी अभियुक्त पप्पू कुमार को बेऊर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीण एसपी ने एक और मामल का जिक्र किया है। 1 फरवरी 2026 को ग्राम बांसतल में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें लापता अमित कुमार का शव 5 फरवरी को गंगा नदी से बरामद हुआ था। अप्राथमिकी अभियुक्त संजय राय को पुलिस ने बांसतल स्थित उसकी दुकान से गिरफ्तार कर लिया है।

## कदमकुआं वेंडिंग जोन में दुकानदारों का किराया होगा फिक्स

**लोकतंत्र की शान , पटना**



पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 22वीं साधारण बैठक आज मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में शहर के लोगों को सुविधा और विकास कार्यों को गति देने वाले 24 एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कदमकुआं वेंडिंग जोन में दुकानदारों का किराया फिक्स किया जाएगा। वहीं, स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 पर भी विशेष चर्चा होगी। इसमें पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि भी की जाएगी। गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए वार्ड संख्या-2, 40 और 68 में पानी की पाइपलाइन के विस्तार पर मुहर लगेगी। वहीं, वार्ड 22 में सदाकत आश्रम पेट्रोल पंप के पास सरकारी जमीन और वार्ड-39 में भंवर पोखर पार्क के पास नई हाई यील्ड बोरिंग लगाने का प्रस्ताव भी पारित हो सकता है। वार्ड-45 में 90 फीट सड़क से आंबेडकर चौक तक के मार्ग का नाम बदलकर मानस मंदिर पथ करने और वार्ड-33 कंकड़बाग के एफ-सेक्टर दक्षिणी पार्क के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल है। वार्ड-72 में बाग जाफर खां घाट पर एक नया विद्युत शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव है। सीवर के काम में सुरक्षा बढ़ाने के लिए पटना नगर निगम क्षेत्र में मैनहोल निर्माण और मरम्मत के लिए मैनहोल एंबुलेंस इस्तेमाल पर भी चर्चा होगी।

वहीं, छठ महापर्व 2026 के लिए नौजरघाट, सीढ़ीघाट, चित्रगुप्त घाट, कॉलोनी घाट, दुल्लीघाट, आदर्श घाट, मित्तन घाट, सीता घाट, गायघाट, मिरचाई घाट, हीरा नंद साह घाट, झाउगंज घाट और कंगन घाट पर डबल बैरिकेडिंग लगाने को मंजूरी मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को, सहरसा में सैकड़ों मामलों के त्वरित निपटारे की तैयारी

**लोकतंत्र की शान**

**सहरसा |मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाता, सहरसा:** व्यवहार न्यायालय, सहरसा परिसर में आगामी 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित एवं सुलहनीय मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित, सरल और कम खर्च में निपटारा करना है, ताकि आम लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके। प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों को शामिल किया जाएगा। इनमें सुलहनीय आपराधिक वाद, चेक बाउंस (एन.आई. एक्ट) से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना दावा (एमएसीटी) के मामले, बैंक ऋण वसूली, बिजली, पानी और टेलीफोन बिल से जुड़े विवाद प्रमुख हैं। इसके अलावा श्रम विभाग, वन विभाग तथा नाप-तौल विभाग से संबंधित मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण एवं राजस्व से जुड़े मामलों के साथ-साथ वैवाहिक विवाद (तलाक मामलों को छोड़कर) और ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों को भी इस लोक अदालत में रखा जाएगा। लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें मामलों का निपटारा आपसी सहमति और समझौते के आधार पर किया जाता है। इससे न केवल न्यायिक प्रक्रिया सरल हो जाती है, बल्कि लोगों को लंबे समय तक अदालतों के चक्कर लगाने से भी राहत मिलती है। यहां वकील पर अतिरिक्त खर्च नहीं होता और कोर्ट फीस भी नहीं लगती। साथ ही, मामलों के निष्पादन में किसी पक्ष को दंडित नहीं किया जाता, बल्कि दोनों पक्षों के बीच संतुलित समाधान निकालने पर जोर दिया जाता है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में दिए गए फैसले अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ किसी उच्च न्यायालय में अपील का प्रावधान नहीं होता। यही कारण है कि इस मंच पर किए गए समझौते को दोनों पक्ष गंभीरता से लेते हैं और विवाद का स्थायी समाधान सुनिश्चित होता है। इसके अतिरिक्त, मुआवजा और हर्जाना जैसे मामलों में त्वरित भुगतान की व्यवस्था भी की जाती है, जिससे पीड़ित पक्ष को तत्काल राहत मिलती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सहरसा के सचिव ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों को लोक अदालत के माध्यम से सुलझाएं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मंच है, जहां बिना किसी जटिल प्रक्रिया के, पारदर्शी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों का समाधान किया जाता है। स्थानीय प्रशासन और न्यायिक अधिकारियों का मानना है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन से जिले में लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और न्याय प्रणाली पर बढ़ते दबाव को भी कम किया जा सकेगा। इसके साथ ही, लोगों में आपसी समझ और विवादों को शांति से सुलझाने की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

# पटना-बगहा में छाए बादल, 10 जिलों में रेड अलर्ट, 8 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**लोकतंत्र की शान , पटना**



**♦ आंधी-बारिश से बीते 24 घंटे में 25 मौतें**

बिहार में सोमवार को आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 24 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं। गयाजी में 6 लोगों जान गई है। पूर्वी-पश्चिमी चंपारण में भी 6 लोगों की मौत हुई है। खगड़िया में भी 70 साल के बुजुर्ग की ठनका गिरने से मौत हो गई। जबकि पत्नी-बहू झुलस गईं। बाढ़ में आंधी-बारिश के दौरान पेड़ के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने अगले 48 से 72 घंटे बेहद संवेदनशील बताए हैं। आज भी प्रदेश के 18 जिलों भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पटना, भोजपुर समेत 10 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। बीते 24 घंटे में 22 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश हुई। सीवान में ओले गिरे, जबकि पटना, गोपालगंज, औरंगाबाद में भी तेज बारिश के बाद सड़कों पर करीब 3 फीट तक पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आंधी-बारिश की ये स्थिति 7 मई तक रहेगी। इस दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। हालांकि, 8 मई के बाद मौसम साफ होने की उम्मीद है।

**पटना में 60 किमी की रफ्तार से चली आंधी:** पटना में मौसम के अचानक भयावह रूप ले लिया। सोमवार दोपहर बाद करीब चार बजे आसमान काले बादलों से घिर गया। ऐसा लगा जैसे दिन में ही रात हो गई हो। तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राजधानी पटना समेत कई जिलों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। आंधी इतनी तेज थी कि पूरा शहर धूल के गुबार में छिप गया और सड़कों पर गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ी। एक घंटे की भारी बारिश ने पटना की रफ्तार थाम दी। निचले इलाकों में जलजमाव हो गया और सड़कों पर लंबा जाम लग गया। लोग जहां थे, वहीं फंसे रह गए।

**कहीं बिजली के खंभे उखड़ गए, कहीं पेड़ गिरे:** कई जिलों में भारी नुकसान हुआ। सीवान और बक्सर में ओले गिरे। ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे उखड़ गए हैं। समस्तीपुर, मधुबनी, दरभंगा और सीतामढ़ी में पेड़ सड़कों पर गिर गए हैं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पटना में 39 मिलीमीटर और गया में सबसे अधिक 47 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वाल्मीकि नगर में 26.2 मिमी, मोतिहारी में 22.3 मिमी और समस्तीपुर में 19.5 मिमी बारिश हुई।

## मैरिज एनिवर्सरी के दिन ड्राइवर की पत्नी को पीटा, चाकू भी मारा

**नर्तकियों से 15 हजार रुपए भाड़ा लेने गई थी महिला**

**लोकतंत्र की शान , पटना**



पटना में ड्राइवर की पत्नी को मारपीट कर घायल दिया। सिर में चोट आई है। चाकू से भी वार किए गए हैं। घायल सुनीता कुमारी का कहना है कि मेरे पति महेंद्र कुमार नर्तकियों को गाड़ी से किसी प्रोग्राम में लेकर गए थे। वहां ले जाने का किराया 15000 था। जो नतर्कियों ने उस वक्त नहीं दिया था। आज सुबह मुझे नतर्कियों ने मुझे बुलाया। मुझे लगा कि किराया देने के लिए बुलाया होगा। मेरा आज मैरिज एनिवर्सरी भी है। सोचा था रुपए मिलेंगे तो नए कपड़े खरीदूंगी।

पर मैं पहुंची तो नर्तकियों ने मेरे साथ मारपीट की। सचिन नाम के युवक ने मुझे उठाकर पटक दिया। मारपीट में काजल भी शामिल है। दोनों ने मुझे चाकू भी मारा। घटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर-2 की है। घायल महिला को स्थानीय लोगों ने मीठापुर बाइपास के पास एक निजी नर्सिंग होम में एडमिट कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। उसके सिर में चोट लगी है। हमले में उसका बहुत खून बह चुका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नर्सिंग होम में जक्कनपुर थाने की पुलिस भी पहुंची थी। वहां महिला से घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## पीएम की मौजूदगी में बिहार के मंत्री लेंगे शपथ

**लोकतंत्र की शान , पटना**



बिहार की राजनीति में 7 मई का दिन बेहद अहम होने जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने घोषणा की है कि 7 मई को पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारी जोरों पर है। संजय सरावगी ने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता नितिन नवीन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति भी रहेगी। इन दिग्गज नेताओं की मौजूदगी से यह कार्यक्रम न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी खास महत्व रखता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह कैबिनेट विस्तार राज्य में सुशासन और विकास को गति देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नए मंत्रियों के शामिल होने से सरकार की कार्यक्षमता बढ़ेगी और विभिन्न विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि विस्तार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो सके। गांधी मैदान में तमाम मंत्रियों को शपथ दिलाने के साथ ही कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश देने की कोशिश की जा रही है। बिहार में पहली बार बीजेपी का मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को बीजेपी संदेश दे रही है कि बीजेपी के लिए यह बड़ा मौका है।

# नाला निर्माण के लिए अब नहीं खोदी जाएंगी सड़कें

**लोकतंत्र की शान , पटना**



**2 सीवरेज पंपिंग स्टेशन बने, निगम क्षेत्र में 140 जलजमाव स्थल की हुई पहचान**

पटना में मानसून से निपटने के लिए बुडको ने दो सीवरेज पंपिंग स्टेशन (SPS) का निर्माण किया है। राजीव नगर और बोरिंग रोड, पानी टंकी के पास एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसका निर्माण किया गया है। इन दोनों इलाकों में बारिश के दौरान काफी जलजमाव होता है। यह प्रोजेक्ट नमामि गंगे की एक पहल है। नया सीवरेज नेटवर्क जल निकासी के लिए बनाने से अच्छा, जो पहले से बना हुआ है उसको सही से टैपिंग कर पानी को निकालने की कोशिश की जा रही है।

**दोनों SPS के पानी को पंप आउट कर STP में भेजा जाएगा:** सीवरेज से पानी को पंप आउट कर SPS में डाला जाएगा और फिर यहां से दीघा STP में ट्रीटमेंट के लिए भेजा जाएगा। इन दोनों सीवरेज पंपिंग स्टेशन (SPS) की क्षमता 103 एमएलडी है। इससे राजीवनगर, बोरिंग रोड, एसके पूरी, पानी टंकी, आनंदपुरी और आसपास के मोहल्लों को जलजमाव से निजात मिलेगी। इसके साथ ही पाटलिपुत्र और अटल पथ में बन रहे सीवरेज नेटवर्क का काम तेजी से चल रहा है। इसे भी मानसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। शहर में खुदाई और उससे पैदा होने वाली समस्याओं को देखते हुए नमामि गंगे प्रशासन ने अपनी रणनीति बदल दी है। जिन इलाकों में प्रोजेक्ट चल रहे है, उन्हें पूरा किया जाएगा। भविष्य में नई सीवर लाइन के लिए कहीं भी सड़कों या संकरी गलियों की खुदाई नहीं होगी। सड़क खोदने के बजाय अब इंटरसेप्शन एंड डाइवर्जन तकनीक अपनाई जाएगी। इसके तहत नालों के प्रवाह को ही आधुनिक तकनीक से मोड़कर एसटीपी से जोड़ा जाएगा।

**एक घंटे की बारिश में जलमग्न हो गया था पटना:** सोमवार की शाम महज एक घंटे की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया था। पटना जंक्शन, जीपीओ गोलंबर, आर ब्लॉक, वीरचंद पटेल पथ, आयकर गोलंबर, कदमकुआं, राजेंद्रनगर, कंकड़बाग, गर्दनीबाग, अटल पथ, इंद्रपुरी, पाटलिपुत्र कॉलोनी, कुर्जी मोड़ से पीएनएम मॉल सहित अन्य इलाकों में जलजमाव होने से लोग परेशान रहे। वहीं, नमामि गंगे प्रोजेक्ट और नाला निर्माण वाले इलाकों में फिसलन और जलजमाव होने से चलना मुश्किल हो गया था। नगर निगम ने मानसून से पहले ही शहर के विभिन्न अंचलों में उन सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर ली है, जहां जल जमाव की संभावना अधिक रहती है। इससे निपटने के लिए पहले से ही प्लान तैयार किए गए हैं। निगम क्षेत्र में करीब 140 जलजमाव स्थल की पहचान हुई है। निगम की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी स्थिति में जल का ठहराव लंबे समय तक न बने।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी के सख्त निर्देश, 24 घंटे में मिले मुआवजा, घायलों के इलाज में न हो लापरवाही

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आंधी, वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मंगलवार को सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के त्वरित व समुचित इलाज तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलाधिकारियों को फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने को कहा गया है।

**सीएम ने जताई संवेदना, राहत को लेकर दिए सख्त निर्देश-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आपदा पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों का समुचित और तत्काल इलाज सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनहानि, पशुहानि और घायलों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हरियाणा के केएमपी एक्सप्रेस वे हादसे में उप्र पुलिस के पांच जवानों की मौत

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** हरियाणा के कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस(केएमपी)वे पर नूंह के निकट मंगलवार को हुए सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के पांच पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। नूंह पुलिस ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचित कर दिया है। मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हुई है। नूंह जिले के तावड़ू थाना प्रभारी शीशराम यादव के अनुसार हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुँचीं और बचाव अभियान शुरू कर दिया। प्रारंभिक जांच के अनुसार उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में तैनात ये जवान एक महिंद्रा स्कॉर्पियो में सवार होकर पलवल की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टोल प्लाजा के पास चालक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। तेज रफ़्तार के कारण वह गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और आगे चल रहे एक वाहन से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शवों को गाड़ी से निकाला। थाना प्रभारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में जालौन के एसपी को इस घटना की सूचना दे दी गई है। शवों को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हरियाणा में बिल्डिंग परमिशन में लागू होगा 'सेल्फ-सर्टिफिकेशन'

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बिल्डिंग परमिशन नियमों में बदलाव की तैयारी कर ली है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के नए ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में अनियमित विकास पर रोक से जुड़े 1965 के नियमों में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इस बदलाव की खास बात यह है कि सेल्फ-सर्टिफिकेशन (स्व-प्रमाणीकरण) आधारित परमिशन सिस्टम, जिससे अब आवेदकों को ऑनलाइन ही मंजूरी मिलने का रास्ता साफ होगा। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के प्रस्तावित नियमों के अनुसार, यदि कोई आवेदक निर्धारित शर्तों को पूरा करता है और स्वयं अपने दस्तावेज व जानकारी प्रमाणित करता है, तो उसे ऑनलाइन माध्यम से परमिशन स्वतः प्राप्त मानी जाएगी। यह व्यवस्था खासतौर पर उन लोगों के लिए राहत भरी है, जो निर्माण या जमीन उपयोग से जुड़ी अनुमतियों के लिए महीनों इंतजार करते थे। सरकार ने जहां प्रक्रिया आसान की है, वहीं कड़े प्रावधान भी जोड़े हैं। अगर कोई व्यक्ति गलत जानकारी देता है, तथ्यों को छुपाता है या गुमराह करता है, तो उसकी अनुमति शुरुआत से ही अमान्य मानी जाएगी। उसे मिली मंजूरी तुरंत खत्म हो जाएगी। इससे साफ है कि सरकार पारदर्शिता के साथ-साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित करना चाहती है। नोटिफिकेशन के नियमों में दो अहम नई परिभाषाएं जोड़ी गई हैं। पहली है कनफॉर्मिंग यूज यानी किसी भूमि या भवन का उपयोग उसी प्रकार होना चाहिए जैसा विकास योजना में तय किया गया है। दूसरी परिभाषा है कनफॉर्मिंग जोन की। यानी वह क्षेत्र जहां तय उपयोग के अनुरूप गतिविधियों की अनुमति होगी। सरकार ने इस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन पर आम लोगों से भी सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। 30 दिन के भीतर इसके जवाब दिए जा सकेंगे। कोई भी व्यक्ति लिखित रूप में अपनी राय दे सकता है। इसके बाद ही सरकार अंतिम निर्णय लेकर नियमों को लागू करेगी।

### गाड़ियां रिपेयरिंग में बालकों से लिया जा रहा था काम, तीन लोगों पर केस दर्ज

**लोकतंत्र की शान : जोधपुर।** कमिश्नरेट के जिला पूर्व में उदयमंदिर और सदर बाजार पुलिस ने जेजे एक्ट की दो कार्रवाई कर तीन लोगों को नामजद किया। उनकी दुकानों पर लगे बालकों को बालश्रम मुक्त करवा चाइल्ड हैल्प लाइन के जरिए सुधार गृह भिजवाया गया।उदयमंदिर पुलिस थाने के एसआई अमरसिंह ने थाना क्षेत्र में भाटी मोटर सेंटर एण्ड सर्विस बाइक रिपेयरिंग और आरडिया इलेक्ट्रानिक ई व्हीकल पर कार्रवाई की। जहां पर बालकों से श्रम करवाया जा रहा था। वहां से बालकों का मुक्त कराने के साथ नैनी बाई का मंदिर के पास रहने वाले फिरोज खां और जटिया कॉलोनी निवासी रमेश के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया गया। इसी तरह सदर बाजार थाने के एसआई गंगाराम ने बाईजी का तालाब क्षेत्र में गुलाम मुस्तफा के खिलाफ जेजे एक्ट का प्रकरण बनाया। वह भी अपनी दुकान में बालक से श्रम करवाता पाया गया। बाद में बच्चों को चाइल्ड हैल्प के समक्ष पेश किया गया जहां से सुधार गृह भिजवाया गया।

### हाइवे पर हादसा : आधी रात को पावर बाइक सवार रेलिंग से भिड़ा, मौत

**लोकतंत्र की शान : जोधपुर।** शहर के डीपीएस- सांगरिया रोड हाइवे पर पावर बाइक सवार युवक आधी रात ढाई बजे तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गया। गाड़ी सड़क पर लगी रेलिंग से टकराई और बुरी तरह घायल हो गया। एंबुलैंस की मदद से एम्स अस्पताल भिजवाया गया, 15 मिनट के अंतराल में मौत हो गई। मां पिता एमपी से जोधपुर पहुंचे और मामला दर्ज कराया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। मृतक निजी फर्म में नौकरी करता था। चौहाबो थाने के हैडकांस्टेबल हरेंद्र मेहला ने बताया कि मूलतः मध्यप्रदेश के बैतुल का रहने वाला सौरभ पुत्र सुबोध हलधर यहां जोधपुर में एक निजी कंपनी में काम करता था। वह यहां इंडिया बुल्स में ही रहता था।रात ढाई बजे अपनी पावर बाइक से डीपीएस- सांगरिया हाइवे पर निकल रहा था। संभवत : उसकी गाड़ी की गति तेज थी और वह अनियंत्रित होकर सड़क पर लगी रेलिंग से टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे एम्स अस्पताल ले जाया गया, मगर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वह अविवाहित था और यहां अकेला ही रहता था। बाद उसके परिजन को सूचना दी गई। वे जोधपुर पहुंचे और किसी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रथम दृष्टया मामला स्वतः रेलिंग से टकराना प्रतीत हुआ है। उसके संभवत : हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था। अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### कॉन्स्टेबल की हत्या का खुलासा: वन्यजीव शिकारियों ने मारी थी गोली

**लोकतंत्र की शान : टोंक।** जिले के उनियारा क्षेत्र में कॉन्स्टेबल भागचंद सैनी की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि कॉन्स्टेबल की हत्या बजरी माफिया ने नहीं, बल्कि वन्यजीवों के शिकार की फिराक में जंगल में छिपे दो शिकारियों ने की थी। दोनों आरोपियों को वारदात के करीब 12 घंटे बाद जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने बताया कि बनेठा थाना क्षेत्र की ककोड़ चौकी पर तैनात कॉन्स्टेबल भागचंद सैनी शनिवार रात गश्त पर निकले थे। रविवार सुबह उनका शव रूपवास मोड़ के पास झाड़ियों में मिला था। घटनास्थल के पास उनकी बाइक भी पड़ी मिली।

# युवा कांग्रेस ने पर्यटन मंत्री का पुतला दहन कर माँगा स्तीफा

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** जबलपुर के बरगी डैम में हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना के विरोध में आज मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष करुण सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट चौक में सैकड़ों युवाओं के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, दिग्विजयसिंह राहुल, सानेन्द्र सिंह, उत्तम सिंह टिंकू, पप्पू सिंह नौगवां,युवा कांग्रेस सीधी विधानसभा के अध्यक्ष के विकास परिहार, सिहावल विधानसभा के अध्यक्ष सूर्या साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रमन सिंह, रोहित द्विवेदी, सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं में भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते निर्दोष लोगों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सरकार की असंवेदनशीलता और जिम्मेदारी से बचने का परिणाम है। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस ने सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें भी रखीं, जिनमें पर्यटन मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने, मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने तथा घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग शामिल है। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### फतेहाबाद : महिला अध्यापिका से झपटमारी के दो आरोपी काबू

लोकतंत्र की शान

**फतेहाबाद।** एक महिला अध्यापिका से दिन-दहाड़े बैग छीनने के मामले को सुलझाते हुए रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिलराज सिंह और विजयपाल के रूप में हुई है, जो दोनों ही गांव हमजापुर के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। मंगलवार को शहर रतिया थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि गांव कलोठा निवासी पूजा रानी, जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहरवां में अध्यापिका हैं, ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 27 अप्रैल 2026 की दोपहर करीब 1:45 बजे वह नगरपालिका कार्यालय रतिया से जनगणना ड्यूटी से जुड़े जरूरी दस्तावेज और आईडी कार्ड लेकर अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही वह बी.डी. पी.ओ. ब्लॉक के सामने बुढलाडा रोड पर पहुंचीं, एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने पीछे से आकर उनका बैग छीन लिया और फरार हो गए। इस झपटमारी के दौरान अध्यापिका का मोबाइल फोन नीचे गिर गया था, जबकि बैग में नकदी और महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज मौजूद थे। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना शहर रतिया में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जांच आगे बढ़ाई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस अब आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि छीने गए बैग, नकदी और अन्य सामान को बरामद किया जा सके।

### जनविश्वास को सुदृढ़ करता साप्ताहिक जनसुनवाई




» आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में मंगलवार 5 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, अन्य आपराधिक प्रकरणों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं। विशेष रूप से महिला संबंधी मामलों में शीघ्र एवं संवेदनशील कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। कई शिकायतों पर संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल निष्पक्ष जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव सहित थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं थाना अजाक से मय आरक्षक लीलावती सिंह उपस्थित रहे। अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।

### 24 घंटे के भीतर बालिका सकुशल दस्तयाब

» परिजनों की खुशी का नहीं रहा ठिकाना

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत चौकी खड्डी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस के अनुसार दिनांक 4 मई 2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री दिनांक 3 मई 2026 को घर से बाहर जाने के बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा तलाश के बावजूद कोई जानकारी न मिलने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की गई। प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संभावित स्थानों पर सघन तलाश की गई। कड़ी मशक्कत के बाद बघवार क्षेत्र के पास बस में बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। पूछताछ में बालिका द्वारा बताया गया कि वह पिता की डांट से नाराज होकर घर से चली गई थी। बालिका को वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, एएसआई नीरज कुमार, प्रधान आरक्षक रामबली, आरक्षक रविंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, अंकित साहू, वेद प्रकाश एवं प्रकाश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# बाजार में बिक रहे सड़े फल व दूषित सामग्री, अधिकारियों की बनी अनदेखी

» वैवाहिक सीजन में बनीं सर्वाधिक मनमानी

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख लोकतंत्र) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** नगर पालिका और खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी के चलते वैवाहिक सीजन में बाजार में सड़े फल और दूषित खाद्य सामग्री धड़ल्ले से बेंची जा रही है। जिससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। इस साल प्रशासन द्वारा इन पर अंकुश लगाने के लिए कोई मुहिम शुरू नहीं की गई है। जिससे नपा और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की अनदेखी शहर के नागरिकों पर भारी पड़ रही है। मालुम हो कि गत वर्ष नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुहिम चलाकर दूषित फलों को फिकवाने और कार्रवाई करने के साथ ही होटल, रेस्टोरेंट और नास्ता आदि की ठेलो पर बिकने वाली खाद्य सामग्री की जांच की जाती थी और सेंपल भी लिए जाते थे वही ज्यादा लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई भी की जाती थी। लेकिन इस बार ऐसा कुछ देखने में नहीं आ रहा है। चाय-नास्ता की दुकानों और हांथ ठेला आदि का समोसा, कचौड़ी, पोहा-जलेबी, पूड़ी, चाट आदि खाद्य सामग्री बगैर ढंके ही धड़ल्ले से बेंची जा रही है। जिससे इन पर मख्खी-मच्छर भिनभिनाते रहते है। वहीं सड़क से उड़ने वाली धूल इन पर लगती है। जिससे यह खाद्य सामग्री दूषित हो जाती है। और इन्हे खाने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में नागरिक आते है। नास्ता आदि बनाने वाले ज्यादातर दुकानदार जिस कढ़ाई में समोसे-कचौड़ी बनाते है उस कढ़ाई का तेल महीनो नही बदला जाता और न ही उन्हे साफ किया जाता है। थोड़ा कम तेल होने पर और तेल उसी कढ़ाई में डाल दिया जाता है। इस प्रकार कढ़ाई का तेल महीनो चल जाता है।

#### स्वक्षता का दिखा अभाव

शहर में खाद्य सामग्री बनाते समय कई जगह साफ-सफाई व स्वच्छता का ध्यान नही रखा जाता है। सब्जी मंडी से लेकर सोनांचल बस स्टैण्ड, गांधी चौक, मानस भवन, अस्पताल तिराहा, सम्राट चौक आदि जगहों पर हांथ ठेलों पर सड़े-गले फल बेंचे जा रहे है। कई बार ग्राहकों को कम कीमत का लालच देकर उन्हे ये फल बेंच दिए जाते है। तो कई बार अच्छे फलों के बीच सड़े फल रखकर बेंचे जा रहे है। वहीं कटे फलों पर मक्खी-मधुमक्खी और बरैया आदि भिनभिनाती रहती है और ग्राहकों के आने पर मक्खी आदि भगाकर यही फल ग्राहकों को बेंच दिए जाते है। जिन्हे खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। वैवाहिक सीजन के दौरान फलों की मांग बढ़ जाने के कारण कारोबारियों की मनमानी और भी चरम पर पहुंच जाती है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी पूरी तरह से कार्रवाई करने में लापवाह बने रहते हैं। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है।

### महिला अधिवक्ता की गाड़ी खुद के पास में ही थी : चालान कटने का मैसेज मिला

लोकतंत्र की शान



**जोधपुर।** शहर की एक महिला अधिवक्ता की गाड़ी उनके खुद के पास में ही थी। मगर उसके बावजूद बिना हेलमेट का चालान कटने का मैसेज उन्हें मिल गया। काफी जांच पड़ताल के बाद पता लगा कि उनकी गाड़ी के नंबर प्लेट का गलत इस्तेमाल कर शातिर द्वारा वाहन को चलाया जा रहा है। कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से अब भगत की कोठी पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने जांच आरंभ की है।रिपोर्ट महेश हॉस्टल के पीछे जगदंबा कॉलोनी की रहने वाली महिला अधिवक्ता मधु भाटी इन्दा पत्नी करण सिंह इन्दा की तरफ से दी गई है। रिपोर्ट में बताया कि 07 दिसम्बर 2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम से प्राप्त एसएमएस सूचना द्वारा बताया गया कि मेरे वाहन संख्या आरजे19-डीई-4584 को बिना हेलमेट चलाते हुए कृषि मण्डी मोड़ सिग्नल पर यातायात पुलिस के कैमरे में कैद किया गया है। कैमरे में वाहन किसी अन्य चालक एवं एक अन्य व्यक्ति के कब्जे में दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि उक्त समय मेरा वाहन घर पर ही खड़ा था और कहीं बाहर उपयोग नहीं किया गया था। रिपोर्ट में बताया कि उनके वाहन की संख्या का किसी शातिर द्वारा फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उपयोग किया जा रहा है। बदमाश उनकी गाड़ी के नंबर का आपराधिक कृत्य में भी कर सकता है। इस बार में जब भगत की कोठी पुलिस थाने में रिपोर्ट देने का प्रयास किया तो मामला दर्ज नहीं किया गया। अब कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से केस दर्ज कराया गया है।

### राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम : पुलिस की चेतावनी, शव रखकर नहीं करें प्रदर्शन

लोकतंत्र की शान

**जोधपुर।** प्रदेश सरकार ने मृत शरीर की गरिमा बनाए रखने एवं शवों को विरोध-प्रदर्शन का माध्यम बनने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाते हुए राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम-2023 लागू किया था। इसके तहत बनाए गए नियमों को भी प्रभावी कर दिया गया है। पुलिस आयुक्तालय जोधपुर ने आमजन से कानून की पालना करने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि शव रखकर धरना-प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राज्य सरकार ने 22 अगस्त 2023 को इस अधिनियम को लागू किया था, जबकि राजस्थान मृत शरीर का सम्मान नियम-2025 को 3 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया। कानून का मुख्य उद्देश्य मृत शरीर के सम्मान और उसके मूल मानव अधिकारों की रक्षा करना है। अधिनियम के तहत किसी भी मृत व्यक्ति के शव का उपयोग धरना, विरोध-प्रदर्शन या दबाव बनाने के साधन के रूप में नहीं किया जा सकेगा। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ 6 माह से 5 वर्ष तक की सजा एवं जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि परिजन शव लेने से इनकार करते हैं या प्रदर्शन में शामिल होते हैं तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होगी। परिजनों द्वारा शव नहीं लेने पर 1 वर्ष तक तथा प्रदर्शन में शामिल होने पर 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान रखा गया है। इस कानून के अनुसार यदि कोई परिजन शव लेने से मना करते हैं और विरोध-प्रदर्शन करते हैं, तो पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करवा सकेगी।

# भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर विधायक संजय पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ बांटे लड्डू

» अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारें हैं :- संजय पाठक

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी।** गत दिनों बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड और ऐतिहासिक विजय पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने निवास पर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, युवा नेता यश पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में जीत पर जश्न मनाया ,उन्होंने ढोल नगाड़े की थाप के बीच कार्यकर्ताओं एवं आमजन को मिठाई लड्डू खिलाते व बांटकर खुशी जताई और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मीडिया के बंधुओं से चर्चा करते हुए विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिले ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं प्रचंड जनादेश के लिए देवतुल्य जनता-जनार्दन, समर्पित कार्यकर्ताओं एवं तीनों प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, यह विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। जनता ने तुष्टिकरण एवं नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं विकसित भारत के संकल्प पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, सशक्त संगठनात्मक क्षमता एवं अथक परिश्रम का प्रतिफल है। अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारे हैं आज देश के 78 प्रतिशत भाग में भाजपा की सरकारें हैं, सनातनी होने के नाते मैं यह कहता हूं कि गौमुख से लेकर बंगाल की खाड़ी जहां गंगा समुद्र में मिलती है अब सभी जगह भाजपा की सरकार बनाने में जनता से हमारी पार्टी पर विश्वास जताया है।


## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प बोले- 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा, सुनकर लोग हंसने लगे तो कहा- मैं मजाक नहीं कर रहा

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे। यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रम्प ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरुआत ही है और बहुत काम बाकी है। ट्रम्प अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपनी उम्र को लेकर भी मजाक किया। उन्होंने कहा, "मैं बुजुर्ग नहीं हूं; मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था।" इससे पहले भी ट्रम्प कई बार तीसरे टर्म का संकेत दे चुके हैं। इससे पहले एंडी ओगल्स ने 23 जनवरी 2025 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया था। इस बिल का मकसद अमेरिकी संविधान में बदलाव करके डोनाल्ड ट्रम्प के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने का रास्ता खोलना था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि जो व्यक्ति लगातार दो बार राष्ट्रपति नहीं रहा है, वह तीसरी बार चुनाव लड़ सके। चूंकि ट्रम्प 2020 में चुनाव हार गए थे, इसलिए इस बदलाव के बाद वे फिर से राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य हो सकते थे।

### जज के फंदे पर लटकते ही पत्नी घर से भागी, बाहर आईएएस बहन कार लेकर खड़ी थी

अलवर। दिल्ली में सुसाइड करने वाले जज अमन कुमार शर्मा (30) पत्नी से इतने परेशान थे कि उसके सामने ही फंदे पर लटकने बाथरूम में चले गए। पत्नी ने भी उनको रोका नहीं, बल्कि अपनी IAS बहन को फोन कर घर बुलाया। फिर दोनों बच्चों को लेकर कार से रवाना हो गई। इस दौरान अमन के पिता एडवोकेट प्रेम कुमार शर्मा घर की गैलरी में थे। इस पूरी घटना की जानकारी प्रेम कुमार ने पुलिस को दी है। अमन कुमार मूल रूप से खैरथल-तिजारा के मुंडाना के रहने वाले थे। वर्तमान में उनके घर वाले अलवर शहर के हसन खां मेवात नगर में रहते हैं। अमन की पोस्टिंग दिल्ली के कोर्ट में थी। अमन की पत्नी भी जज हैं। अमन कुमार दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में पत्नी के साथ रहते थे। उनके दो बच्चे हैं। एडवोकेट प्रेम कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया- 2 मई को बहू घर से बच्चों को लेकर जाने लगी तो पूछा कि अमन कहां है? बहू ने जवाब दिया कि मुझे पता नहीं है। फिर से पूछा तब भी यही जवाब दिया। वह घर के बाहर निकल गई। बाहर उसकी IAS बहन कार लेकर खड़ी थी। दोनों कार से रवाना हो गईं। बहू ने खुद का मोबाइल भी बंद कर लिया था। इसके बाद कहां गई, कुछ नहीं बताया। इस कारण मुझे चिंता हुई। तुरंत घर के अंदर की तरफ गया। अमन को अवाज लगाई। लेकिन घर में सन्नाटा था। फिर अमन के मोबाइल पर घंटी दी। अमन का फोन बाथरूम में बजा। वापस अमन को कई बार आवाज दी। लेकिन अमन नहीं बोला। आखिर में नौकर को बुलाया गया। नौकर ने बाथरूम के ऊपर लगा कांच तोड़ा। अंदर देखा तो अमन फंदे पर लटका मिला।



### शिमला में तेज बारिश, मंडी-कुफरी में भारी ओलावृष्टि, 10 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। शिमला के कुफरी, फागू व महासू पीक समेत मंडी और सिरमौर जिला के कई क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई। इसके बाद जमीन पर ओलों के मोटी परत बिछ गई। कुफरी-महासू में निरंतर चार दिन से भारी ओलावृष्टि हो रही है। इससे सेब की फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग (IMD) ने आज किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में आंधी-तूफान के साथ आसमानी बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। कल भी चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला में यलो अलर्ट जारी किया गया है। 7 से 9 मई तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस थोड़ा कमजोर जरूर पड़ेगा, लेकिन इस दौरान अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले कुछे क्षेत्रों में हल्की बारिश जारी रहने के आसार हैं। 10 मई और 11 मई को पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। वहीं, बीते 24 घंटे के दौरान भी अधिकांश भागों में बारिश और शिमला जिला के कई क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई। धर्मशाला में सबसे ज्यादा 30.6 मिमी, कांगड़ा 29.4 मिमी, चौपाल 18.0, शिलारू 15.8, सराहन 15.5, पालमपुर 15.4, रोहड़ू 14.0, मंडी 13.4, जोगेंद्रनगर 9.0, कल्पा 7.2 और बरठी में 5.2 मिमी बारिश हुई। बारिश-ओलावृष्टि के बाद तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। विशेषकर किन्नौर और लाहौल स्पीति के कई क्षेत्रों में रात का पारा जमाव बिंदू के आसपास पहुंच गया है। किन्नौर के कल्पा का पारा 2.6 डिग्री, लाहौल स्पीति के ताबो का 2.7, कुकुमसैरी 2.9 और केलांग का 4.4 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

### राहुल गांधी का पीए बताकर उत्तराखंड की महिला से ठगी, टिकट दिलाने का आश्वासन देकर भरोसे में लिया

**देहरादून।** देहरादून में ठग ने राहुल गांधी का पीए बताकर महिला से 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। आरोपियों ने विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाने का भरोसा देकर महिला को झांसे में लिया। इस दौरान आरोपी ने महिला को प्रदेश के बड़े नेताओं की आवाज भी सुनाई। भरोसा जीतने के बाद अलग-अलग बहानों से उससे बड़ी रकम वसूली गई, जिसके बाद आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़िता के अनुसार, जब वादा पूरा नहीं हुआ तो महिला को ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। पीड़िता भावना पांडे ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को आरोपी ने राहुल गांधी का पीए बताकर उनसे संपर्क किया। विश्वास दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, यशपाल आर्य, हरक सिंह रावत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की आवाज भी सुनाई। जिससे महिला आरोपी के झांसे में आ गई। आरोपियों ने पांच सितारा होटल में विधायकों के ठहरने और विधानसभा से जुड़े खर्च का हवाला देकर उनसे पैसे मांगे। झांसे में आकर भावना पांडे ने अलग-अलग माध्यमों से कुल लगभग 25 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए। इसमें बैंक ट्रांसफर, HDFC के जरिए भुगतान और नकद रकम शामिल है। जिसके बाद दीपक सेन नाम का व्यक्ति पीड़िता के ऑफिस पहुंचा और खुद को महाराष्ट्र विधायक का पीए बताकर नकद रकम भी ले गया। पैसे देने के बाद भी आरोपियों ने काम नहीं कराया और लगातार टालमटोल करते रहे।

### साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए यूआईडीएआई और एनएफएसयू के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) ने डिजिटल फोरेंसिक तथा साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में पांच वर्षीय सहयोग स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार समझौता भारत के डिजिटल पहचान पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए किया गया है। यह रणनीतिक साझेदारी मुख्य रूप से छह क्षेत्रों में संरचित की गई है, जो यूआईडीएआई के बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाने में मदद करेगी। इनमें शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास, सूचना सुरक्षा और प्रणाली अखंडता, फोरेंसिक अवसंरचना, तकनीकी सहायता, उन्नत अनुसंधान (एआई, ब्लॉकचेन, डीपफेक डिटेक्शन) और एनएफएसयू के छात्रों के लिए प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के अवसर शामिल हैं। इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विवेक चंद्र वर्मा और एनएफएसयू गुजरात कैंपस के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) एस.ओ. जुनारे के बीच हुआ। इस अवसर पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक अभिषेक कुमार सिंह सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विवेक चंद्र वर्मा ने कहा, "यह सहयोग भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को सहारा देने वाली सुरक्षा और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश की डिजिटल पहचान प्रणालियों के लिए सुरक्षा के अतिरिक्त घेरे सुनिश्चित होंगे।"

# केजरीवाल ने पंजाब के आआपा विधायकों के साथ की बैठक

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के पंजाब विधायकों के साथ दिल्ली के कपूरथला हाउस में बैठक की। इस दौरान केजरीवाल ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मंगलवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिले। उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान पार्टी के सभी विधायक भी दिल्ली में आए हैं। उनका कहना है कि राज्य विधायकों की ओर से चुने राज्यसभा सांसद आपस में मिलकर कैसे दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष भी यही पक्ष रखा।

दिल्ली में पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने विधायकों से कहा कि पंजाब में आआपा सरकार को बने लगभग चार साल हो चुके हैं और चुनाव में अब करीब 10 महीने शेष हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एंटी-इनकंबेंसी नहीं, बल्कि प्रो-इनकंबेंसी माहौल है। बहुत कम सरकारें ऐसी होती हैं जिनकी कार्यकाल के अंत में जनता खुलकर तारीफ करती है, लेकिन पंजाब में लोग सरकार के काम से संतुष्ट हैं।



पश्चिम बंगाल के चुनाव का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। दिल्ली में अपनी हार का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में वोट कटवाए गए, जिसके कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। केजरीवाल ने कहा कि पार्टी छोड़कर गए सात नेताओं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने में शामिल करा लिया। ये राज्यसभा सीटें पंजाब की जनता की थीं और इसका जवाब आगामी चुनाव में पंजाब की जनता देगी।

बैठक में केजरीवाल ने विकास कार्यों, सड़कों के निर्माण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और विधायकों को निर्देश दिया कि वे जनता के बीच सक्रिय रहकर सरकार की नीतियों और कामों को पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव के बाद देश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। केजरीवाल ने कहा कि इतिहास में जब भी किसी ने देश पर आक्रमण किया, तब पंजाब ने हमेशा अपना खून बहाकर देश की रक्षा की। लेकिन इस बार चुनौती भीतर से है जो संविधान के मूल्यों पर खतरा बन रहे हैं, उन्हें भी पंजाब के लोग अपने लोकतांत्रिक तरीके से रोकेंगे और बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान की रक्षा करेंगे।

## प्रधानमंत्री 11 मई को गुजरात आएंगे, सरदार धाम-3 का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी, अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मई को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ में आयोजित 'स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम में शामिल होंगे और वडोदरा में 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सरदार धाम-3 का लोकार्पण करेंगे। सरदार धाम के प्रमुख गगजी सुतरिया ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी 10 मई की रात जामनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 11 मई की सुबह वे जामनगर से सोमनाथ के लिए रवाना होंगे, जहां स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वे सीधे वडोदरा जाएंगे और सरदार धाम-3 का उद्घाटन करेंगे। पश्चिम बंगाल में भाजपा की भव्य जीत और हाल ही में गुजरात की स्थानीय स्वराज्य चुनावों में बड़ी सफलता के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला गुजरात दौरा होगा। ऐसे में भाजपा द्वारा उनके स्वागत की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।

सरदार धाम के प्रमुख गगजी सुतरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी सरदार धाम-3 का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम में 30 से 40 हजार लोगों की भीड़ जुट सकती है। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से सरदार धाम तक लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के लिए रोड शो भी होगा। वडोदरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पाटीदार समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रधानमंत्री का सम्मान किया जाएगा। साथ ही उन्हें 'सरदार गौरव पुरस्कार' से भी सम्मानित किया जाएगा।



प्रधानमंत्री के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर राज्य प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोमनाथ और वडोदरा में कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी के कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और कार्यक्रम के सुचारू संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- पीआईएल अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के PIL के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि PIL कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी PIL फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन की सुनवाई चल रही है। सितंबर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। तब कोर्ट ने कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा गैर-कानूनी और असंवैधानिक है।




- सबरीमाला केस में वकीलों ने याचिका लगाई, जज ने कहा- अपने लोगों के लिए काम करें

# कर्ज से परेशान पाकिस्तान ने शराब बेचना शुरू किया, गैर मुस्लिम देशों को किया सप्लाई

एजेंसी, इस्लामाबाद

कर्ज से जूझ रहे पाकिस्तान ने करीब 50 साल बाद फिर से शराब का एक्सपोर्ट शुरू कर दिया है। देश की इकलौती लोकल कंपनी मरी ब्रूअरी ने अप्रैल 2026 में ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल और थाईलैंड जैसे देशों को बीयर और अन्य अल्कोहलिक ड्रिंक्स भेजी हैं। कंपनी के एक्सपोर्ट मैनेजर रमीज शाह के मुताबिक, अभी शुरुआत में विदेशों में नेटवर्क बनाया जा रहा है और आगे चलकर प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। पाकिस्तान में मुस्लिम आबादी के लिए करीब 50 साल पहले इस्लामिक नियमों का हवाला देकर शराब पर बैन लगाया गया था। हालांकि, गैर-मुस्लिमों के लिए कुछ छूट है। अब सरकार ने 2025 में शराब निर्यात की अनुमति दी, जिसके बाद उन देशों में सप्लाई शुरू की गई जो ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (OIC) का हिस्सा नहीं हैं।

**पाकिस्तान पर 138 अरब डॉलर का बाहरी कर्ज:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सरकार की कमाई और खर्च के बीच बड़ा अंतर है। वित्त वर्ष 2026 में सरकार की वास्तविक आय करीब 11,072 अरब पाकिस्तानी रुपए (40 अरब डॉलर) है, जबकि खर्च 16,286 अरब रुपए (58 अरब डॉलर) तक पहुंच चुका है। इसमें से करीब 8,200 अरब रुपए (30 अरब डॉलर) सिर्फ कर्ज के ब्याज चुकाने में खर्च हो रहे हैं। पाकिस्तान पर इस समय लगभग 38,640 अरब पाकिस्तानी रुपए (138 अरब डॉलर) का बाहरी कर्ज है। इसमें सरकारी कर्ज के अलावा निजी क्षेत्र, बैंकों और कंपनियों की देनदारियां भी शामिल हैं। इसमें से करीब 25,760 अरब पाकिस्तानी रुपए (92 अरब डॉलर) सरकारी कर्ज है।



- 50 साल पहले इस्लाम का हवाला देकर बैन किया था


**पहले नॉन-अल्कोहलिक प्रोडक्ट ही बेच रही थी मरी ब्रूअरी:** पिछले कई सालों से मरी ब्रूअरी सिर्फ नॉन-अल्कोहलिक ड्रिंक्स का एक्सपोर्ट कर रही थी। इसमें पैकेज्ड जूस, मिनरल वाटर और फ्रूट फ्लेवर वाली ड्रिंक्स शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कमाई 100 मिलियन डॉलर (28 अरब PKR) रही। कंपनी के CEO इस्फानयार भंडारा ने एक्सपोर्ट लाइसेंस के लिए कोशिश की थी। 2021 में पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में एक चीनी कंपनी को भी शराब बनाने की इजाजत दी थी, ताकि वहां काम कर रहे चीनी नागरिकों की जरूरतें पूरी हो सकें। बैन से पहले मरी ब्रूअरी भारत, अफगानिस्तान और अमेरिका जैसे देशों में शराब का निर्यात करती थी। अब एक बार फिर कंपनी विदेशी बाजार में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही है।

# छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के केंद्रीय सहकारी बैंक में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच करेगी ईडी

एजेंसी, अंबिकापुर/रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की विभिन्न शाखाओं में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुरू कर दी है। इस घोटाले का खुलासा पिछले साल मई 2025 में ऑडिट के दौरान हुआ था, जिसके बाद 31 मई 2025 को बैंक मैनेजर सहित 4 बड़े अधिकारियों को बर्खास्त किया गया था। शनिवार को ही बैंक के सीईओ ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की कि घोटाले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज ईडी की टीम को सौंप दिए गए हैं और मनी लॉन्ड्रिंग की आधिकारिक जांच शुरू हो चुकी है। सहकारी बैंक के सीईओ ने इसकी पुष्टि की है।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कलेक्टर विलास भोस्कर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जून 2025 के दौरान राज्य शासन के माध्यम से ईडी और सीबीआई से जांच कराने हेतु प्रमुख सचिव को पत्र लिखा था। कलेक्टर की रिपोर्ट और सिफारिश के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने औपचारिक रूप से प्रवर्तन निदेशालय को जांच के लिए पत्र भेजा। राज्य शासन के अनुरोध पर प्रवर्तन निदेशालय ने जांच के लिए अपनी मंजूरी दी और अब रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने इसकी पूरी फाइलें मंगा ली हैं। सरगुजा सहकारी बैंक घोटाले में 4 मई 2026 को आई नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, ईडी ने अब इस मामले की कमान पूरी तरह संभाल ली है।



एजेंसी अब मुख्य रूप से मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि गबन किए गए 28 करोड़ को कहां निवेश किया गया और किन संपत्तियों में बदला गया। मुख्य घोटाले के बीच ही सरगुजा के केरजू सहकारी समिति में एक और नया फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहाँ 127 किसानों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर 1.93 करोड़ का लोन निकाला गया है।

बैंक में घोटाला करीब एक साल पहले सामने आया था, जब तत्कालीन सरगुजा कलेक्टर, विलास भोस्कर ने बैंक की शंकरगढ़ और कुसमी ब्रांचों के खातों की जांच करवाई थी। जांच में करीब 28 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई थी। जांच रिपोर्ट के अनुसार, शंकरगढ़ शाखा के बैंक मैनेजर अशोक कुमार सोनी ने बैंक में फर्जी खाते खोलकर बड़ी मात्रा में पैसे की हेराफेरी की। इन फर्जी खातों से नकद राशि की निकासी के अलावा कई ऑनलाइन ट्रांसफर भी किए गए। इस घोटाले में किसानों के केसीसी फंड, मनरेगा खातों और ग्राम पंचायतों की राशि का दुरुपयोग किया गया।


इस मामले में बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, पुलिस ने पहले ही बैंक मैनेजर अशोक सोनी सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया था।इनमें से 4 बैंक अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि 3 कर्मचारी घोटाला उजागर होने से पहले रिटायर हो चुके थे। सहकारी बैंक के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर ने बताया कि ईडी की टीम अभी तक सरगुजा नहीं आई है, लेकिन उन्होंने जांच से संबंधित सभी रिपोर्ट शनिवार को भेज दी हैं।

## मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने दिया इस्तीफा

एजेंसी, चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनसे नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की हार के बाद स्टालिन ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे राज्यपाल ने मंगलवार को मंजूरी दे दी।

दरअसल, राज्य में 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को पूरी हुई। इस चुनाव में पहली बार मैदान में उतरी अभिनेता से रजनेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) ने 108 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं।



Press Release No: 33 Date: 05.05.2026

LOK BHAVAN, TAMIL NADU - PRESS RELEASE

The Governor of Tamil Nadu has accepted the resignation of the Chief Minister Thiru. M.K.Stalin and his Council of Ministers. The Governor has requested him to continue in office until alternate arrangements are made.

Lok Bhavan, Chennai - 22.
Date: 05.05.2026

Released by/-
Public Relations Office

वहीं, द्रमुक गठबंधन इस चुनाव में केवल 59 सीटों पर सिमट गया और अब उसे विपक्ष में बैठना होगा। दूसरी ओर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने 47 सीटें जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया है।

राज्य में अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते टीवीके को सरकार बनाने का पहला अवसर मिल सकता है, हालांकि बहुमत से दूर होने के कारण उसे सहयोगी दलों के समर्थन की जरूरत होगी।

## दुनिया की पहली 'महिला स्पेशल' ट्रेन सेवा ने 34 साल पूरे किए

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने महिलाओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दुनिया की पहली 'महिला स्पेशल' ट्रेन सेवा ने आज 34 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस सेवा की शुरुआत 5 मई 1992 को मुंबई में कामकाजी महिलाओं की बढ़ती संख्या और उनकी यात्रा संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए की गई थी। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले कुछ दशकों में, 'महिला स्पेशल' सेवा शहर के उपनगरीय रेल नेटवर्क का एक अहम हिस्सा बन गई है, जो यात्रा के बदलते तरीकों और कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, दोनों को दर्शाती है। वर्ष 1990 के दशक में मुंबई के दक्षिणी हिस्सों में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई, जिसके चलते उपनगरों से बड़ी संख्या में महिलाएं रोज़ाना यात्रा करने लगीं। भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेनों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा एक बड़ी चुनौती बन गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट से बोरीवली के बीच पहली महिला स्पेशल ट्रेन शुरू की, जिसे बाद में 1993 में विरार तक विस्तारित किया गया। यह सेवा महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं रही। पहले जहां महिलाओं को सामान्य ट्रेनों के महिला डिब्बों में चढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं लेडीज़ स्पेशल ट्रेनों ने उन्हें पूरे ट्रेन में आराम से सफर करने की सुविधा दी।





# मप्र में गठित होगा व्यापार कल्याण बोर्ड, विकास कार्यों के लिए 38,555 करोड़ रुपये स्वीकृत

एजेंसी, भोपाल

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें मप्र व्यापार कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया। इसके साथ मंत्री-परिषद ने विकास परियोजनाओं के लिए 38,555 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की, साथ ही दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन के लिए 2442 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी।

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कैबिनेट ने राज्य के व्यापारिक समुदाय के हितों के संरक्षण, उनके सर्वांगीण विकास और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड' और जिला स्तरीय समितियों के गठन की मंजूरी दी है। भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उठाए गए इस कदम का मुख्य लक्ष्य प्रदेश के व्यापारियों और सरकार के बीच एक सीधा संवाद तंत्र स्थापित करना है, जिससे व्यापारिक क्षेत्र की बाधाओं को दूर कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके।



उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई मंत्री सदस्य होंगे। प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने के लिए वित्त, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, खनिज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तकनीकी शिक्षा और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य नीति आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, एनएचएआई और एफएसएसएआई जैसे प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों के प्रमुखों को भी बोर्ड का आधिकारिक सदस्य बनाया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान और आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

- मप्र कैबिनेट ने दी "दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन" के लिए 2442.04 करोड़ रुपये की स्वीकृति

# पश्चिम बंगाल में जनादेश 2026- सत्ता का नया सवेरा -9 मई 2026 रबिन्द्रनाथ टैगोर की जयंती: नई सरकार का शपथ ग्रहण -कई गंभीर चुनौतियां -समग्र व्यापक विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» जनादेश 2026-नई सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह अपने वादों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से लागू करे, ताकि जनता का विश्वास बना रहे

» जब कोई नेतृत्व जनता की अपेक्षाओं से दूर जाने लगता है या उसे हल्के में लेने की भूल करता है, तो वही जनता उसे सत्ता के शिखर से नीचे लाने में देर नहीं करती -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र










**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे जनता की सामूहिक चेतना, राजनीतिक परिपक्वता और शासन के प्रति अपेक्षाओं का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब होते हैं।4 मई 2026 को आए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह स्थापित कर दिया कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति जनता के हाथ में ही निहित होती है। जब कोई नेतृत्व जनता की अपेक्षाओं से दूर जाने लगता है या उसे हल्के में लेने की भूल करता है, तो वही जनता उसे सत्ता के शिखर से नीचे लाने में देर नहीं करती। इस चुनाव में एक ऐतिहासिक और अप्रत्याशित परिणाम सामने आया, जहां न केवल सत्ता परिवर्तन हुआ बल्कि तीन-तीन वर्तमान मुख्यमंत्रियों की हार ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की गहराई और शक्ति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया। पश्चिम बंगाल में 206 सीटों के अभूतपूर्व जनादेश के साथ सत्ता परिवर्तन ने भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय खोल दिया है, जिसकी गूंज राष्ट्रीय सीमाओं से परे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक सुनाई दे रही है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि पश्चिम बंगाल का यह चुनाव परिणाम केवल आंकड़ों का खेल नहीं है,बल्कि यह एक गहरे राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन का संकेतक है। लंबे समय तक राज्य की राजनीति पर प्रभाव रखने वाली ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीमसी को इस चुनाव में करारा झटका लगा। विशेष रूप से भवानीपुर जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली सीट से उनकी हार ने यह स्पष्ट कर दिया कि मतदाता अब परंपरागत राजनीतिक समीकरणों से आगे बढ़कर बदलाव की ओर देख रहा है। दूसरी ओर, बीजेपी की यह जीत न केवल ऐतिहासिक है बल्कि यह उनके लंबे राजनीतिक संघर्ष और रणनीतिक विस्तार का परिणाम भी है।2014 में सीमित उपस्थिति से शुरू हुई यात्रा, 2019 में मजबूती, 2021 में चुनौतियों का सामना और अंततः 2026 में स्पष्ट बहुमत यह क्रमिक विकास भाजपा के संगठनात्मक कौशल और रणनीतिक सोच को सटीक रूप से दर्शाता है।

साथियों पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद अब सरकार बनाने की हलचल तेज हो गई है जहां 206 सीटें जीतकर एक इतिहास रच दिया गया है सबसे चौकनें वाली बात टीएमसी को 80 सीटें व उनके लिए सबसे सुरक्षित सीट मानी जाने वाली भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से 15000 से अधिक वोटो से खुद ममता बनर्जी का हार जाना तथा अब वहां आरोप प्रत्यारोप व समाधान का दौर बहुत तेजी से शुरू हो गया है जो स्वाभाविक रूप से हर राज्य के विधानसभा चुनाव व सांसद के चुनाव में होता रहता है, अपनी खींज़ निकलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 100 से अधिक सीटों पर धांधली एवं गड़बड़ियाँ हुई है उन्होंने चुनाव आयोग को भाजपा का कमीशन बताते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव एजेंटों को घुसने नहीं दिया,तो इसके जवाब में भाजपा ने कहा कि यह जीत सिर्फ भाजपा की नहीं बल्कि उन सभी सनातनियों हिंदू बौद्ध सिख जैन सहित सभी समुदायों की जीत है बंगाल में 17वीं विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को समाप्त हो रहा है, 9 मई को शपथ ग्रहण के साथ एक नईराजनीतिक पारी की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी जिस पर पूरे विश्व की नजर लगी हुई है, साथ ही वैश्विक व घरेलू निवेशकों शेयर बाजार व विकास के बुनियादी ढांचों व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी पूरे विश्व की नज़रें लगी हुई है। बता दें भाजपा इतिहास में पहली बार पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रही है राजनीति के गलियारों में सुवेंदुअधिकारी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन की चर्चा जोरों से चल रही है जिसपर केंद्रीय नेतृत्व के साथ मंथन बाद आधिकारिक मोहर लगेगी पीएम ने यह संदेश पहले ही दे दिया था कि उनकी पार्टी का फोकस बदलाव पर होगा बदले पर नहीं राज्य में हिंसा को जड़ से समाप्त कर पूरी तरह विकास की नई राजनीति शुरू होगी जिसका प्रभाव राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय राजनीति अर्थव्यवस्था निवेश इत्यादि अनेक क्षेत्रों पर पड़ने की पूरी संभावना है।

साथियों बात अगर हम इस चुनाव परिणाम क्रे सबसे महत्वपूर्ण पहलू को समझने की करें तो वह यह है कि यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं,बल्कि राजनीतिक संस्कृति में बदलाव का संकेत देता है। पीएम ने इसे जनता की शक्ति और सुशासन की जीत बताया,जो इस बात को रेखांकित करता है कि मतदाता अब विकास, पारदर्शिता और प्रभावी शासन को प्राथमिकता दे रहा है। पार्टी ने अपने चुनाव अभियान में राष्ट्रीय सुरक्षा, अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण, सीमा सुरक्षा, सिलीगुड़ी कॉरिडोर की रणनीतिक अहमियत, नागरिकता संशोधन कानून और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी। इसके साथ ही कानून- व्यवस्था, औद्योगिक विकास, महिलाओं की सुरक्षा और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को भी अपने एजेंडे में शामिल किया। इन मुद्दों ने मतदाताओं के बीच एक व्यापक प्रभाव डाला, जिससे पार्टी को निर्णायकसटीक जनादेश प्राप्त हुआ। साथियों हालांकि, इस जीत के साथ भाजपा के सामने कई गंभीर चुनौतियां भी खड़ी हैं।पश्चिम बंगाल का सामाजिक ताना-बाना अत्यंत जटिल और बहुआयामी है, जिसमें क्षेत्रीय पहचान,भाषाई गौरव और सांस्कृतिक विविधता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में एक नई सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी सामाजिक समरसता बनाए रखना और ध्रुवीकरण को कम करना। इसके अतिरिक्त,टीएमसी जैसे मजबूत विपक्ष की उपस्थिति भी सरकार के लिए एक संतुलनकारी कारक होगी, जो लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। भाजपा को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह बदलाव की राजनीति को बदले कीराजनीति में परिवर्तित न होने दे, जैसा कि पीएम ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है। साथियों राजनीतिक गलियारों में सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने की चर्चाएं तेज हैं, हालांकि अंतिम निर्णय पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और विधायक दल की बैठक के बाद ही होगा। इस संदर्भ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कोलकाता यात्रा और विधायकों के साथ उनकी बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह प्रक्रिया न केवल नेतृत्व चयन की औपचारिकता है, बल्कि यह नई सरकार की दिशा और प्राथमिकताओं को भी निर्धारित करेगी।इस पूरे घटनाक्रम का एक सांस्कृतिक आयाम भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। 9 मई को नई सरकार के शपथ ग्रहण का दिन रबिन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के साथ मेल खाता है, जो बंगाल की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक हैं। चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोप कि भाजपा सत्ता में आने पर बंगाल की संस्कृति से खिलवाड़ करेगी का जवाब देने के लिए इस दिन का चयन एक प्रतीकात्मक और रणनीतिक कदम माना जा रहा है। यह संदेश देने का प्रयास है कि नई सरकार बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगी। साथियों पश्चिम बंगाल के इस चुनाव परिणाम का प्रभाव केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है,बल्कि इसका व्यापक असर आर्थिक और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी देखने को मिलेगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशक इस बदलाव को एक अवसर के रूप में देख रहे हैं। यदि नई सरकार स्थिरता, कानून-व्यवस्था और उद्योगों के अनुकूल वातावरण प्रदान करती है, तो राज्य में निवेश की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। विशेष रूप से बुनियादी ढांचे, विनिर्माण,आईटी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। सिलीगुड़ी कॉरिडोर जैसे रणनीतिक क्षेत्र की सुरक्षा और विकास भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए महत्वपूर्ण होगा।शेयर बाजार पर भी इस राजनीतिक परिवर्तन का सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है, क्योंकि निवेशक आमतौर पर स्थिर और विकासोन्मुखी सरकारों को प्राथमिकता देते हैं। इसके अतिरिक्त, यह परिणाम भारत की वैश्विक छवि को भी मजबूत करता है,जहां लोकतंत्र न केवल जीवंत है बल्कि प्रभावी रूप से कार्य भी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह संदेश महत्वपूर्ण है कि भारत में राजनीतिक परिवर्तन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से होते हैं, जो निवेश और कूटनीतिक संबंधों के लिए एक सटीक सकारात्मक संकेत है। साथियों हालांकि, इस परिवर्तन के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े हुए हैं। सामाजिक ध्रुवीकरण, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे यदि संतुलित नहीं किए गए, तो यह विकास की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नई सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह अपने वादों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से लागू करे, ताकि जनता का विश्वास बना रहे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,पश्चिम बंगाल का 2026 का चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और गतिशीलता का एक सशक्त उदाहरण है। यह केवल एक राज्य में सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक परिवर्तन का संकेत है जो भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज में धीरे- धीरे आकार ले रहा है। यह जनादेश यह स्पष्ट करता है कि जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं है, बल्कि वह परिणाम चाहती है—ऐसे परिणाम जो उसके जीवन स्तर को बेहतर बनाएं, सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करें और उसे विकास की मुख्यधारा में शामिल करें।इस प्रकार, पश्चिम बंगाल में भाजपा की यह जीत एक ऐतिहासिक मोड़ है, जिसने न केवल राज्य की राजनीति को नया स्वरूप दिया है बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने को भी और अधिक मजबूत किया है। आने वाले वर्षों में यह देखना अत्यंत रोचक होगा कि यह परिवर्तन किस प्रकार राज्य और देश के विकास की दिशा को प्रभावित करता है, और क्या यह जनादेश वास्तव में उस "नए सवेरे" की शुरुआत साबित होता है जिसकी उम्मीद मतदाताओं ने इस चुनाव मेंभी व्यक्त की थी।

**-संकलनकर्ता लेखक**
**- क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9226229318**

## मौन की गूँज: जब विचार ठहर जाएँ



लेखक- सुनील कुमार महला

आज सुबह-सुबह एक विचार पढ़ा-उपवास करना है तो विचारों का करे, भूखे रहने से भगवान खुश होते तो गरीब सबसे सुखी होते। वास्तव में व्यक्ति के जीवन में विचारों का बहुत महत्व है। पाठक जानते हैं कि विचार हमारे मन में उत्पन्न होने वाले वे मानसिक भाव, धारणाएँ या सोच हैं जो किसी भी विषय, परिस्थिति या अनुभव के बारे में हमारी प्रतिक्रिया को दर्शाते हैं। सरल शब्दों में, जो कुछ हम सोचते हैं-वही विचार कहलाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि सकारात्मक विचार हमें आगे बढ़ने, समस्याओं का समाधान ढूंढने और जीवन में उत्साह बनाए रखने में मदद करते हैं। वहीं दूसरी ओर नकारात्मक विचार हमें तनाव, भय और निराशा की ओर ले जा सकते हैं। वास्तव में, विचारों का उपवास एक अत्यंत गहरा और मनोवैज्ञानिक विषय है। जैसे शरीर की शुद्धि के लिए हम अन्न का त्याग करते हैं, वैसे ही मन की शांति और मानसिक स्पष्टता के लिए विचारों का उपवास अनिवार्य है। हर व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में हर समय विचारों का आवागमन होता रहता है।एक विचार आता है, फिर दूसरा,तीसरा और यही क्रम अनवरत चलता रहता है। यहां तक कि व्यक्ति आराम कर रहा होता है, विश्राम कर रहा होता है,या यूं कहें कि नींद की अवस्था में होता है,तब भी विचारों का क्रम चलता ही रहता है,यह कभी थमता नहीं है। विचारों का उपवास मन में शांति लाता है। वास्तव में जब हम नकारात्मक विचारों का उपवास करते हैं, तो भीतर शून्यता और शांति आती है, जो ईश्वर से जुड़ने का सच्चा मार्ग है। व्यक्ति आत्मनियंत्रित होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि विचारों के उपवास से न केवल व्यक्ति को मानसिक शांति ही मिलती है, बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी बहुत मदद करता है।जब हम विचारों का उपवास करते हैं तो गलत व नकारात्मक सोच, नकारात्मक ऊर्जा, चिंता,डर और असफलताओं से दूर हो पाते हैं। विचारों के उपवास से सीधा सा मतलब यह है कि हम अपने मन को नकारात्मक, फालतू और हानिकारक विचारों से मुक्त करें। जब हम विचारों का उपवास करते हैं तो हम ध्यानमग्न हो जाते हैं। हमारा तनाव और अवसाद कम होता है और ईश्वरीय मार्ग की ओर स्वयं को प्रशस्त करते हैं। हमारा आत्मनियंत्रण बढ़ता है। वास्तव में मनुष्य के व्यक्तित्व, व्यवहार और निर्णयों पर विचारों का गहरा प्रभाव पड़ता है। जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही हमारा आचरण और जीवन बनता जाता है। इसलिए कहा जाता है-विचारों को बदलो, जीवन बदल जाएगा। हालांकि, विचारों को रोकना संभव नहीं है। विचार हमेशा मस्तिष्क में विचरण करते रहते हैं। मन-मस्तिष्क का स्वभाव ही हर पल सोचना है। लेकिन विचारों का उपवास किया जा सकता है।अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर हम विचारों का उपवास करें तो कैसे करें ? इसके लिए यह आवश्यक है कि हम ध्यान(मेडिटेशन) करें। अपने लिए थोड़ा समय निकालें और कुछ मिनट तक एक शांत स्थान पर शांति से बैठकर अपनी सांसों पर ध्यान दें। आज का युग संचार क्रांति का युग है और हम हर समय एंड्रॉयड स्मार्टफोन, लैपटॉप, इंटरनेट,एआइ में व्यस्त रहते हैं। हमारे पास स्वयं के लिए ही समय नहीं बचा है। विचारों के उपवास के लिए मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना बहुत आवश्यक है। या यूं कहें कि आज के समय में डिजिटल दूरी विचारों के उपवास के लिए आवश्यक तत्व है। हमें यह चाहिए कि हम लगातार मोबाइल/न्यूज़/ से हम ब्रेक लें।वर्तमान समय में हम सूचनाओं के विस्फोट के बीच जी रहे हैं। हर समय कुछ न कुछ सोचना, विश्लेषण करना या चिंता करना मस्तिष्क को थका देता है। विचारों का उपवास हमें इस ध्वनि प्रदूषण से बाहर निकालकर मौन की शक्ति से परिचित कराता है। डिजिटल डिटाक्स बहुत ही महत्वपूर्ण व जरूरी है। हमें यह चाहिए कि हम दिन भर में कम से कम एक घंटा फोन, लैपटॉप और टीवी से पूरी तरह दूर रहें। बाहरी सूचनाओं का रुकना ही विचारों के रुकने की पहली सीढ़ी है।

## बीजेपी अब विपक्ष मुक्त भारत बनाने में सफल हो जायेगी?



इक़बाल हिंदुस्तानी

प्रतिष्ठा और चर्चा का सवाल बना बंगाल का चुनाव विपक्ष की सबसे मज़बूत और लड़ाकू समझने जाने वाली ममता बनर्जी से बीजेपी ने जीत लिया है। पांच राज्यों तमिलनाडु केरल बंगाल असम और पुडुचेरी में हुए चुनाव में लगभग वैसे ही नतीजे आये हैं जैसाकि जानकारों को आशंका या अनुमान थे। हालांकि तमिलनाडु को लेकर कम लोगों को अंदाज़ था कि वहां पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके पार्टी दोनों प्रमुख दलों द्रमुक और अन्नाद्रमुक को इतना पीछे छोड़कर अपने बल पर बहुमत की ओर बढ़ सकती है। लेकिन असम और केरलम में आशा के अनुरूप ही परिणाम आ रहे हैं। सबसे अधिक चर्चा शंका और विवाद बंगाल के नतीजों को लेकर ही चल रहा था। यह स्पश्ट जनादेश नहीं कहा जा सकता। एग्ज़िट पोल अधिकांश बीजेपी की जीत पहले ही बता रहे थे लेकिन उनकी विश्वसनीयता इतनी खराब हो चुकी है कि कोई न्यूटल आदमी उनकी बात पर भरोसा नहीं कर रहा था। जहां तक बीजेपी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के दावों का सवाल है वे हर राज्य में चुनाव से पहले ही हर चरण में एकतरफा बहुमत चुनाव बाद बंपर जीत और शपथ लेने की बात इतने अधिक आत्मविश्वास से कहते हैं कि जिससे लोग भ्रमित हो जाते हैं। उनका ऐसा कहने के पीछे एक और मकसद रहता है कि विपक्ष के कार्यकर्ता नरवस हो जायें, बीजेपी के नेता और वर्कर जोश से भर जायें और साथ ही मतदाताओं का वह वर्ग जो अंतिम समय तक यह तय नहीं कर पाता कि उसको किस दल को वोट देना है वह इनकी अतिश्ययुक्त बातों में आकर बीजेपी को केवल इसलिये वोट दे दे कि जब यही पार्टी जीतने जा रही है तो वह अपना वोट क्यों खराब करे? अमित शाह जब जब यह कहते हैं कि बीजेपी अब देश पर 50 साल राज करेगी तो कुछ लोगों को उनकी बात पर विश्वास नहीं होता है। लेकिन अब धीरे धीरे यह बात साफ होती जा रही है कि अमित शाह ऐसा दावा क्यों करते हैं? कुछ जानकार लोगों का कहना है कि बीजेपी जिस हिंदुत्व साम्प्रदायिकता और मुस्लिम विरोध की नफरती राजनीति करती है उससे एक दो चुनाव तो जीते जा सकते हैं लेकिन बार बार काठ की हांडी नहीं चढ़ती। लेकिन गुजरात में सबसे लंबा तीन दशक का राज इस तरह की विवादित राजनीति से सफल बनाकर और राजस्थान एमपी छत्तीसगढ़ के बाद अब असम में तीसरी बार जीतने जा रही बीजेपी ने उन लोगों के दावों को झुठला दिया है जो यह कहते हैं कि आर्थिक मुद्दे अंततः धर्म व नफरत की सियासत पर भारी पड़ेंगे। सच यह है कि आज बीजेपी के मतदाता समर्थक और सहयोगी दलों को उसकी महंगाई बेरोज़गारी पूंजीवादी गरीब विरोधी और अपराध बढ़ाने वाली राजनीति से भी कोई विशेष नाराज़गी नहीं है। साथ ही बीजेपी ने अपने परंपरागत हिंदू वोटबैंक के कुछ मामलों में खफा होकर छिटकने के डर से केंचुआ यानी केंद्रीय चुनाव आयोग से मिलीभगत करके एसआईआर के बहाने अपने विरोधियों के लाखों वोट थोक में काटकर और अपने समर्थकों के फर्जी वोट जुड़वाकर पहले से जीते राज्य कभी न गंवाने और विपक्ष शासित राज्यों को चुनाव में उससे छीनकर अब कांग्रेस मुक्त नहीं बल्कि रूस चीन और तुर्की की तरह विपक्ष मुक्त बनाने का अभियान शुरू कर दिया है। जिसमें वह काफी हद तक सफल होती भी नज़र आ रही है। केंचुआ का खुला एकतरफा झुकाव मीडिया का पक्षपात केंद्रीय जांच एजंसियों का विपक्ष और बीजेपी विरोधी सोच वालों के खिलाफ दुरूपयोग पुलिस प्रशासन और बुलडोजर का अन्यायपूर्ण गैर कानूनी दंडित करने वाला इस्तेमाल और कोर्ट का सरकार के साथ सुर में सुर मिलाना बताता है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की जो एजंसियां बार बार भारत के बारे में यह दावा कर रही हैं कि यहां लोकतंत्र संविधान और कानून का राज समाप्त होता जा रहा है, लगता है पूरी तरह गलत भी नहीं है। बंगाल का मामला एसआइआर को लेकर इसलिये शुरू से विवाद में रहा कि यहां केंचुआ ने बीजेपी को सियासी फायदा पहुंचाने के लिये एक नई कवायद लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के नाम पर शुरू की जिससे 2002 की मतदाता सूची में नाम होने के बाद भी 27 लाख से अधिक लोगों को नाम में मामूली गल्तियां होने की वजह से वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया गया। इन विवादित नामों पर विचार करने के लिये दिखावे के लिये न्याधिकरण बनाये गये लेकिन उनमें समय पर सुनवाई नहीं हुयी। इन लोगों ने अपने कागजात भी जमा किये लेकिन नाम नहीं जुड़े। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सही मानते हुए इतनी बड़ी संख्या को अगले चुनाव में वोट डालने की बात कहकर उनका संवैधानिक अधिकार छीनने में साथ दिया। इतना ही नहीं ढाई लाख से अधिक केंद्रीय अर्धसैनिक बल बंगाल में चुनाव की निगरानी करने को उतारे गये। वहां की पुलिस और प्रशासन को अविश्वसनीय मानकर एक तरह से चुनाव में किनारे कर दिया गया। जबकि इससे पहले वहां बड़े बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों को चुनाव आयोग ने अपने यानी बीजेपी के हिसाब से इधर उधर करके सत्ताधारी टीएमसी को पूरी तरह असहाय और असंबध्द सा कर दिया। साथ ही पहली बार अभूतपूर्व तरीके से सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंचुआ के कहने से अपनी पूरी टीम चुनाव कराने के लिये बंगाल में उतार दी। जब इन न्यायिक अधिकारियों पर पक्षपात के आरोप लगे और सत्ताधारी ममता बनर्जी के समर्थकों ने इनके विवादित और पक्षपातपूर्ण निर्णयों के खिलाफ आंदोलन करना चाहा तो केंद्र सरकार ने इस तरह के विरोध को सख्ती से कुचलते हुए एनआईए को जांच सौंपकर कड़ा डरावना संदेश दिया कि ऐसे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को आतंक और देशद्रोही घटना मानकर कुचल दिया जायेगा। इसके बाद जनता के किसी वर्ग की एसआईआर और तरह तरह के घुसपैठियों के बहाने से भारतीय नागरिकों के वोट काटने की इस मुहिम के विरोध की हिम्मत नहीं हुयी। यह बात भी सामने आई कि जिन 27 लाख लोगों के वोट काटे गये उनमें से अधिकांश वे मुसलमान हैं जिनको ममता का वोट बैंक माना जाता है। अगर 294 सीटों के हिसाब से देखा जाये तो इससे हर सीट पर लगभग 10 हज़ार वोट का अंतर आ जाता है। ऐसे में दस हज़ार के कम अंतर से जो 40 सीटें टीएमसी ने पिछले चुनाव में जीती थीं वे ज़ाहिर बात है कि इस बार हारने जा रही हैं। देश को यह समझने की ज़रूरत है कि बंगाल का चुनाव रूटीन चुनाव नहीं है जिसकी हार जीत से कोई अंतर नहीं पड़ता हो बल्कि हम तो एसआईआर शुरू होने के बाद से ही लगातार सोशल मीडिया पर यह आशंका जताते रहे हैं कि चुनाव बीजेपी के पक्ष में जा चुका है, अब केवल 4 मई को यह एलान होगा कि बीजेपी कितनी सीटों के अंतर से जीतती है, आज हमारा यह अनुमान सही साबित हो गया। यह देश के बचे हुए विपक्ष शासित उन राज्यों के लिये खतरे की घंटी है जो अभी तक एसआईआर और केंद्रीय जांच एजंसियों के एकतरफा पक्षपातपूर्ण इस्तेमाल को केवल राजस्थान एमपी छत्तीसगढ़ झारखंड हरियाणा महाराष्ट्र और दिल्ली के लिये ही खतरा मानकर चल रहे थे। इसके साथ विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों के गैर संवैधानिक हस्तक्षेप उनको जीएसटी पीएम आवास योजना आयुष्मान कार्ड मनरेगा और अन्य केंद्रीय योजनाओं में पक्षपात करना हमारे संवैधानिक ढांचे पर सीधा हमला माना जाता रहा है लेकिन संविधान और नागरिक अधिकारों का कस्टोडियन माना जाना वाला सुप्रीम कोर्ट कदम कदम पर निराश करता आ रहा है।

**नोट- लेखक आकाशवाणी और पत्रकारिता से चार दशक से अधिक से जुड़ हुए हैं।**

## "वीरांगना झलकारी बाई, स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति, महारानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल"

— डॉ.जया शुक्ला

सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओँ की भूमिका भी किसी प्रकार पुरुष वर्ग से कम नहीँ रही। यहाँ हम बात कर रहे हैं महान स्वतंत्रता सेनानी व योद्धा सेनापति, वीरांगना झलकारी बाई की, जो महारानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल भी थीँ, और उनकी महिला सेना मेँ सेनापति भी थीँ। अविभाजित भारत के आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत की झांसी रियासत के भोजला गाँव मेँ 22 नवम्बर 1830 को इनका जन्म एक निर्धन कोली परिवार मेँ श्री सदोवर सिंह तथा श्रीमती जमुना देवी की पुत्री के रूप मेँ हुआ। अब यह भोजला गाँव उत्तर प्रदेश के झाँसी ज़िले की एक तहसील है। इनकी माता का देहान्त इनकी बहुत छोटी आयु मेँ ही हो गया था। उनके पिता ने उनका लालन-पालन एक पुत्र के ही समान किया, और उन्हेँ घुड़सवारी और शस्त्र संचालन मेँ सुशिक्षित किया गया। छोटी आयु से ही झलकारी बाई की वीरता और निर्भीकता गाँववालोँ को दिखाई पड़ने लगी थी। एक बार वह लकड़ी लाने जंगल मेँ गईँ तो उनका सामना एक तेँदुए से हो गया। झलकारी बाई ने अपनी कुल्हाड़ी से उस तेंदए को मार डाला। एक अन्य अवसर पर जब डकैतोँ के एक गिरोह ने गाँव के एक व्यवसाई पर हमला किया तब झलकारी बाई ने अपनी बहादुरी से उन्हें पीछे हटने को मज़बूर कर दिया था। गाँव वालोँ ने देखभाल कर उनका विवाह महारानी लक्ष्मीबाई की सेना के एक सैनिक पूरन सिंह कोली से करवा दिया, जो स्वयं भी बहुत वीर थे तथा पूरी सेना उनकी बहादुरी का लोहा मानती थी। एक बार गौरी पूजा के अवसर पर गाँव की महिलाएँ महारानी लक्ष्मीबाई को सम्मान देने झांसी के किले में गईँ, जिनके साथ झलकारी बाई भी गईँ। महारानी लक्ष्मीबाई उनको देखकर अवाक रह गईँ, क्योँकि झलकारी बाई की शक्ल बिल्कुल महारानी लक्ष्मीबाई की तरह दीखती थी, दोनोँ के रूप मेँ आलौकिक समानता थी। अन्य औरतों से झलकारी बाई की बहादुरी के किस्से



सुनकर महारानी लक्ष्मीबाई बहुत प्रभावित हुईँ। उन्होँने झलकारी बाई को "दुर्गा सेना", जो उनकी महिला सेना थी, मेँ शामिल करने का आदेश दिया। झलकारी बाई ने महारानी लक्ष्मीबाई की सेना मेँ शामिल होने के बाद युद्ध के हर क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर ली थी, इसलिए वे महारानी लक्ष्मीबाई की सबसे विश्वासपात्र बन गई थीँ। सन् 1857 की क्रांति मेँ एक ग़द्दार दिमान दूल्हाजू महारानी लक्ष्मीबाई के साथ धोखा करके अंग्रेजों से मिल गया और उसने चुपचाप किले का ओरछा गेट खोल दिया। फलतः झांसी के किले को जनरल ह्यूज रोज़ की सेना द्वारा घेर लिया गया।उस समय झलकारी बाई उन्नाव गेट और भाण्डेरी गेट पर तोपख़ानों की रक्षा का भार संभाले हुए थीँ। जब महारानी पूरी तरह से घिर गईँ तब झलकारी बाई ने एक योजना के अनुसार महारानी लक्ष्मीबाई का वेश धारण कर लिया, और किले के सामने के गेट पर सेना की एक टुकड़ी के साथ अंग्रेजी सेना का बहादुरी से लड़ते हुए सामना करती रहीँ, ताकि महारानी लक्ष्मीबाई किले से सुरक्षित भाग सकेँ। सबकुछ योजना के अनुसार चला। महारानी लक्ष्मीबाई और झलकारी बाई किले से सुरक्षित बाहर निकल गईँ और ब्रिटिश सेना का डटकर सामना करने लगीँ। झलकारी बाई ने अंग्रेजी सेना को उलझाए रखा। दुर्भाग्य से एक मुखबिर ने झलकारी बाई को पहचान लिया और झलकारी बाई की पहचान उजागर करने की कोशिश की।परन्तु तभी झलकारी बाई ने उसे बंदूक से गोली मार दी ताकि रानी लक्ष्मीबाई का सच सामने न आ सके। झलकारी बाई पकड़ी तो गईँ, और उन्हेँ बहुत कड़ी सुरक्षा के साथ एक तंबू में कैद किया गया, लेकिन वह मौका पाकर वहां से भाग गईँ। अगले दिन जनरल ह्यूज रोज़ ने किले पर फिर से आक्रमण कर दिया, जहां झलकारी बाई ने एक लंबी लडाई लड़ी।अंतत एक तोप के गोले से झलकारी बाई की भी मृत्यु हो गई। मरते मरते भी इल वीर महिला के मुँह से "जय भवानी" की गर्जना निकली। क्या हम अपने इतिहास की ऐसी वीरांगनाओँ का ऋण कभी चुका सकते हैँ? मातृभूमि की आज़ादी के प्रति पूरे समर्पण की भावना हृदय मेँ रखना ही उनकी स्मृति को श्रद्धा सुमन चढ़ाना है।

**- जया शुक्ला**

## 'जय श्री राम', रघु शर्मा ने आईपीएल में पहला विकेट लेकर दिखाई पर्ची

### भावुक कर देंगे शब्द



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर रघु शर्मा ने (4 मई) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने करियर का पहला विकेट लेने के बाद अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। अपने दूसरे आईपीएल मैच में रघु ने डेब्यू कर रहे अक्षत रघुवंशी को आउट करके अपना खाता खोला। 33 साल रघु ने रघुवंशी को फ्लाइटेड डिलीवरी की और अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपका। इसके बाद रघु ने अपनी जेब से एक कागज की पर्ची निकाली और उसे दिखाकर जश्न मनाया। रघु ने पर्ची पर जो बातें लिखी थीं वह भावुक कर देंगी। रघु शर्मा ने पर्ची पर लिखा था, 'राधे, राधे। बहुत दर्दनाक 15 साल गुरुदेव की कृपा से आज खत्म हो गए। मुझे यह मौका देने के लिए मुंबई इंडियंस (ब्लू एंड गोल्ड) का धन्यवाद। हमेशा आभारी रहूंगा। जय श्री राम।' रघु शर्मा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। रघु का घरेलू करियर– रघु को काफी संघर्ष के बाद आईपीएल में खेलने का मौका मिला है। 2017 में डेब्यू करने के बाद से उन्होंने फर्स्ट–क्लास, लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट मिलाकरक सिर्फ 30 मैच खेले हैं। जालंधर में जन्मे इस लेग–स्पिनर ने पंजाब और पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व किया और 2017–18 रणजी ट्रॉफी में अपना फर्स्ट–क्लास डेब्यू किया। उन्होंने रेड–बॉल क्रिकेट में असरदार प्रदर्शन किया 12 मैचों में 57 विकेट लिए। रघु शर्मा को विकल्प के तौर पर मिला मौका– लिमिटेड ओवर्स के फॉर्मेट में रघु शर्मा ने 2024–25 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान ध्यान खींचा। आठ मैचों में 14 विकेट लिए। उन्हें 2025 में सफलता मिली जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें सीजन के बीच विकल्प के तौर पर जोड़ा। पहले फ्रैंचाइजी के साथ नेट बॉलर के तौर पर काम करने वाले शर्मा के 2026 में खेलने का मौका मिला।

● रोहित की वापसी होते ही ...

## मुंबई की किस्मत पलटी

### 44 गेंद पर 84 रन बनाए, शर्माजी के छक्कों से रोमांचित दिखे दर्शक



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 47वें मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाए। निकोलस पूरन ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। 300 के स्ट्राइक रेस से रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बना लिए। चोट से

● **लखनऊ सुपर जायंट्स की लगातार छठी हार**

प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखीं। उसके छह अंक हो गए हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए निकोलस पूरन ने 21 गेंद पर 63 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 25 गेंद पर 44 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने 31 गेंद पर नाबाद 40 और एडेन मार्करम ने 25 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋषभ पंत ने 15, जोश इंग्लिस ने 13 और अक्षत रघुवंशी ने 11 रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए कॉर्बिन बॉश ने 2 विकेट लिए। एएम गजनफर, विल जैक्स



उबरने के बाद पांच मैच बाद वापसी करते हुए रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली और मुंबई इंडियंस को 14 दिन बाद जीत मिली। रयान रिकेल्टन ने भी बेहतरीन पारी खेली। इससे पहले 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस को हराया था। इसके बाद 3 मैच हारी थी। लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार छठी हार मिली। वह 9 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से जीती थी। मुंबई इंडियंस ने इस जीत के साथ

और रघु शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने 44 गेंद पर 84 रन बनाए। रयान रिकल्टन ने 32 गेंद पर 83 रन बनाए। नमन धीर ने 12 गेंद नाबाद 23 और विल जैक्स ने 4 गेंद पर नाबाद 10 रन बनाए। तिलक वर्मा 11 और सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मणिमारन सिद्धार्थ ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मोहसिन खान ने 1-1 विकेट लिए।

## एमएस धोनी की जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं

### CSK के कोच ने बताई अपनी 'मजबूरी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार (4 मई) को कहा कि महेंद्र सिंह धोनी टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली नहीं आए हैं। धोनी को लेकर जानकारी देने की हैसियत उनकी नहीं है। उन्होंने कहा कि धोनी ही जानते हैं कि वह कब खेलेंगे। हालांकि, वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। आईपीएल 2026 का आधे से ज्यादा सीजन हो चुका है और चेन्नई सुपर किंग्स 10वां मैच खेलने




वाली है, लेकिन अबतक धोनी नहीं खेले हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एरिक सिमंस से पहला ही सवाल धोनी के खेलने को लेकर हुआ। उन्होंने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी को लेकर जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं है। वह हमारे साथ (दिल्ली में) नहीं है, लेकिन लगातार बेहतर हो रहे हैं। वह जब तैयार होंगे तब होंगे। वही जानते हैं कि वह खेलने के लिए कब तैयार होंगे।'

### अंशुल कम्बोज की तारीफ की

गेंदबाजों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए सिमंस ने अंशुल कम्बोज की खूब तारीफ की, जिन्होंने मैच के हर फेज में प्रभाव डाला है और 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, 'अंशुल काफी आगे बढ़ गए हैं। अंशुल ने इस सीजन में नहीं पिछले साल ही बेहतर करना शुरू किया था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अलग–अलग एंगल पर काम किया और यॉर्कर को सटीक बनाया। हमने राउंड द विकेट शुरू किया है, जो अब कोई रहस्य नहीं है।

## दिल्ली के लिए अच्छी खबर, एनगिडी फिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने को कहा कि लुंगी एनगिडी 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच में लगी सिर की चोट से उबरकर मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। कैच लेने की कोशिश में सिर के बल गिरने के बाद एनगिडी को एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज दो मैच नहीं खेल पाया था। मुनाफ ने मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, 'सभी खिलाड़ी फिट हैं। लुंगी भी फिट हैं। उन्होंने दो मैच इसलिए नहीं खेले क्योंकि (सिर में चोट पर) छह दिन के आराम का नियम लागू होता है।' एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। मिचेल स्टार्क भी टीम में शामिल हो गए हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स 264 रनों का बचाव करने में नाकाम रही। पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नया रिकॉर्ड कायम कर जीत दर्ज की थी। मुनाफ ने कहा कि स्टार्क की मौजूदगी से निश्चित रूप से फर्क पड़ेगा।



## पूरन का 16 गेंद पर पचासा

### वैभव से निकले आगे, पावरप्ले में लखनऊ का सबसे बड़ा स्कोर



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार (4 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स के उप–कप्तान निकोलस पूरन को नंबर–3 पर बल्लेबाजी का मौका मिला। पूरन ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 16 गेंद पर अर्धशतक जड़कर वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ दिया। निकोलस पूरन ने आईपीएल में 5वीं बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक जड़ा। वैभव ने चार बार ऐसा किया है। अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 6 बार ऐसा किया है। 21 गेंद पर 8 छक्के और 1 चौके की मदद से 300 के स्ट्राइक रेट से 63 रन बनाने वाले पूरन का यह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक था। निकोलस पूरन की इस विस्फोटक पारी के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स ने पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इससे पहले 2023 में उसने 1 विकेट पर 80 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ चौथी बार पावरप्ले में 90 या उससे ज्यादा का स्कोर बना।



## टाटा के सुस्त शेयर ने 11 प्रतिशत से अधिक की लगाई छलांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों आज मंगलवार को 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 659.65 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। बता दें, टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। टाटा टेक्नोलॉजी की तरफ से दी जानकारी में बताया गया है कि जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 204.17 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी वित्त वर्ष में कंपनी का नेट प्रॉफिट 188.87 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू की बात करें तो मार्च क्वार्टर में यह 22.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 1572.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। इसके पहले के वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में यह कंपनी का रेवन्यू 1285.65 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, तिमाही दर तिमाही के आधार पर कंपनी के रेवन्यू में 15.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में टाटा टेक्नोलॉजीज़ का 252.10 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 8 प्रतिशत अधिक है। टाटा टेक्नोलॉजी ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने बताया है कि 8.35 रुपये प्रति शेयर फाइनल डिविडेंड दिया जाएगा। वहीं, एक शेयर पर 3.35 रुपये का स्पेशल डिविडेंड दिया जाएगा। 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 11.70 रुपये का




फायदा होगा। बीते एक महीने के दौरान टाटा टेक्नोलॉजीज़ के शेयरों की कीमतों में 19.20 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि, इसके बाद भी एक साल में यह स्टॉक 3 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। बता दें, टाटा टेक्नोलॉजी का 52 वीक हाई 797 रुपये और 52 वीक लो लेवल 507.50 रुपये है।

कंपनी का मार्केट कैप 26281 करोड़ रुपये का है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द हो सकती है बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द बढ़ोतरी हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे कीमतें बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, सरकारी तेल कंपनियां फिलहाल लागत से कम कीमत पर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी बेच रही हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2–4 प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। इस मुद्दे पर कंपनियां पेट्रोलियम मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के साथ लगातार चर्चा कर रही हैं। मध्य पूर्व में जारी तनाव के चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार बनी हुई हैं। इससे भारत जैसे आयातक देशों की लागत बढ़ गई है और कंपनियों की मार्जिन पर असर पड़ा है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंप पुरी ने पहले बताया था कि कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर करीब 24 और डीजल पर 30 तक का नुकसान हो रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने पिछले करीब चार वर्षों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है।

## ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियाफोर्ज टेक का शेयर 8 प्रतिशत चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियाफोर्ज टेक के शेयरों की कीमतों में आज 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जिसके बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 52 वीक हाई पर पहुंच गए हैं। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में उछाल के पीछे की वजह तिमाही नतीजे हैं। बता दें, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में लगातार 6वें कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान इस ड्रोन बनाने वाली कंपनी का शेयर 20 प्रतिशत चढ़ गया था। बीएसई में आज मंगलवार को कंपनी के शेयर 757.20 रुपये के स्तर पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 8.82 प्रतिशत की तेजी के बाद 795.60 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। यह बीएसई में कंपनी का 52 वीक हाई है। बता दें, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का 52 वीक लो लेवल 356 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 3399.97 करोड़ रुपये का है। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड को मार्च तिमाही के दौरान कुल 60 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था।

## एनएसई की नई सुविधा: शेयरों की तरह 'असली सोना' खरीद सकेंगे निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद की शुरुआत कर दी है। इसके जरिए निवेशकों को सोने में निवेश करने का एक और विकल्प मिलेगा। इसके जरिए निवेश शेयरों की तरह सोने की खरीद-बिक्री कर सकेंगे। यह फिजिकल गोल्ड होगा, जिसे लंबी अवधि तक निवेशक डीमैट खाते में ईजीआर के रूप में रख सकेंगे।

इससे पहले बीएसई ने इसकी शुरुआत की थी। इस नई व्यवस्था में अब फिजिकल गोल्ड की खरीद-बिक्री पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जा सकेगी और कीमत तय करने की प्रक्रिया भी ज्यादा साफ और भरोसेमंद बनेगी। अभी देश में सोना परंपरागत रूप से भौतिक रूप में खरीदा जाता रहा है, जिससे कीमतों में अलग-अलग जगहों पर अंतर रहता है। नई व्यवस्था इस अंतर को कम कर सकती है और एक समान कीमत तय करने में मदद करेगी। वर्तमान में एनएसई पर गोल्ड डेरिवेटिव्स और गोल्ड ईटीएफ का कारोबार होता है।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। गुरुवार को इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद का



कारोबार स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयरों की खरीद-बिक्री की तरह किया जाता है। इसके लिए निवेशक के पास डीमैट खाता होना जरूरी है। शेयरों की तरह ही एक्सचेंज पर किसी खास समय पर सोने की कीमत दिखेगी। सुविधानुसार निवेशक अपनी मर्जी से उसकी खरीद-बिक्री कर सकते हैं। खरीदा सोना डीमैट खाते में जमा किया जाएगा। इसकी इलेक्ट्रॉनिक रसीद जारी की जाएगी।

**ऐसे होती है खरीद-बिक्री:** यदि किसी निवेशक ने आज 50 ग्राम सोना खरीदा है और तीन महीने बाद उसकी कीमत बढ़ती है तो उसे बेचने के लिए उसे सिर्फ सेल का बटन दबाना होगा। सोने की तात्कालिक कीमत के हिसाब से रकम आपके खाते में आ जाएगी।

**निवेशक ध्यान रखें:** ईजीआर के जरिये छोटे निवेशक, आयातक, बैंक, सर्राफा कारोबारी, आभूषण बनाने वाले और खुदरा विक्रेता सोने की खरीद बिक्री कर सकते हैं। खासतौर पर छोटे निवेशक कम मात्रा में सोने में निवेश कर पाएंगे, क्योंकि उन्हें पूरा सोना खरीदने की जरूरत नहीं होगी।

**क्या है गोल्ड रसीद:** एनएसई के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद दरअसल भौतिक सोने का डिजिटल रूप है। यानी हर इलेक्ट्रॉनिक रसीद खरीदने पर उतना ही मात्रा में असली सोना डिपॉजिटरी सिस्टम में सुरक्षित रखा जाता है। उसके बदले निवेशक को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रसीद दी जाएगी, जिसमें पूरा ब्योरा दर्ज होगा। निवेशक चाहें तो इसे बाजार में खरीद-बेच सकते हैं और जरूरत पड़ने पर इसे असली सोने में भी बदल सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)